हिन्दी दैनिक

# तीसरा विकल्प न्यूज़

(लखनऊ से प्रकाशित)

वर्षः- 02, अंकः-208, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.

लखनऊ, शनिवार 11 जनवरी 2025





लिफ्ट में फंसकर किशोर की दर्दनाक मौत...02

विधायक रागिनी सिंह ने झमाडा में स्थाई प्रबन्ध निदेशक की...06






वोडाफोन ने इंडस टावर्स में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेची



गोल्ड 400 महंगा हुआ, 78,018 प्रति 10 ग्राम पहुंचा



सेंसेक्स 241 अंक गिरकर 77,378 के स्तर पर बंद हुआ







# महाकुंभ सनातन के गौरव का महाकुंभ है, जातियों में बांटने वालों को लेनी चाहिए सीख: योगी




**प्रयागराज, संवाददाता।** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में आकाशवाणी के एफएम रेडियो कुंभवाणी चैनल का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि महाकुंभ सनातन के गौरव का महाकुंभ है...जो लोग लोगों को जातियों में बांटना चाहते हैं, उन्हें देखना चाहिए कि कुंभ से जाति का भेद मिट जाता है, पंथ और लिंग... दुनिया भर से लोग यहां आ रहे हैं... प्रसार भारती ने न केवल महाकुंभ कार्यक्रम को पूरे दिन प्रसारित करने की तैयारी की है, बल्कि दूरदराज के इलाकों में भी धार्मिक उद्धरण दिए जाएंगे... इससे लोगों की आस्था बढ़ेगी। मुख्यमंत्री

## समाज को बांटने वाले देखें यहां पंथ, जाति, संप्रदाय का कोई भेद नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि सनातन गौरव और गर्व का एक महाआयोजन है, एक महासमागम है। जिसको सनातन धर्म के गौरव और गरिमा को देखना हो तो वो कुंभ का दर्शन करें, यहां आकर अवलोकन करे। जो लोग एक संकीर्ण दृष्टि से सनातन धर्म को देखते हैं, सांप्रदायिक मतभेद, भेदभाव या छुआछूत के नाम पर लोगों को बांटने का काम करते हैं उन लोगों को आकर देखना चाहिए कि यहां पर न पंथ का भेद है, न जाति का भेद है, न छुआछूत है, न कोई लिंग का भेद है।

## लोगों में सची श्रद्धा का भाव जगाने में महत्वपूर्ण होगी भूमिका

सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के बहुत सारे लोगों का यहां पर आगमन शुरू हो चुका है। वो आस्था की डुबकी लगाकर आध्यात्म की गहराइयों को समझने का प्रयास करना चाहते हैं। यह अद्भुत क्षण है और इस अद्भुत क्षण को प्रसार भारती ने कुंभवाणी के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। पूरे दिन भर के कुंभ के कार्यक्रमों को न सिर्फ आंखों देखा हाल के माध्यम से बल्कि महाकुंभ के आयोजन के साथ जुड़े हुए हमारे धार्मिक उद्धरणों को भी दूर दराज के गांवों में प्रसारित करने का काम कुंभवाणी करेगा।

## भू माफिया को देर सवेर खाली करनी ही होगी भूमि, योगी के निशाने पर माफिया: योगी



**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रयागराज में पूर्व स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेवी कमला बहुगुणा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि राजधानी लखनऊ में पूर्व सीएम हेमवती नंदन बहुगुणा की प्रतिमा का भी अनावरण करने का अवसर मिला और आज प्रयागराज में स्वतंत्रता सेनानी कमला बहुगुणा की प्रतिमा का भी अनावरण करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भू माफिया को भी निशाने पर लिया। सीएम योगी ने चेतावनी दी कि भू माफिया ने प्रयागराज में जो सैकड़ों एकड़ भूमि कब्जाई है, उसे खाली करना ही पड़ेगा। सीएम योगी ने प्रयागराज के भूमाफिया को निशाने पर लेते हुए कहा कि प्रयागराज में सैकड़ों एकड़ भूमि पर तमाम भूमाफिया ने कब्जा किया हुआ है। देर सवेर तो इसे खाली होना ही है। इससे पूर्व सीएम योगी के मंच पर चढ़ते जय श्री राम, हर हर महादेव, हर हर गंगा मैया, वंदे मातरम का भी उदघोष हुआ। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पूर्व स्वतंत्रता सेनानी कमला बहुगुणा के संघर्ष को भी याद किया। सीएम योगी ने कहा, कमला बहुगुणा ने बचपन से ही ब्रिटिश शासन के खिलाफ आंदोलन में हिस्सा लिया।

योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को सर्किट हाउस में महाकुंभ के अवसर पर प्रसार भारती के एफएम चैनल कुंभवाणी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने एफएम चैनल के सफल होने की आकांक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा विश्वास है कि यह एफएम चैनल न सिर्फ लोकप्रियता की नई ऊंचाई हासिल करेगा, बल्कि महाकुंभ को दूरदराज के उन गांवों तक भी ले जाएगा जहां लोग चाहकर भी यहां नहीं पहुंच पाते हैं। उन लोगों तक इन सुविधाओं के माध्यम से हम महाकुंभ की हर जानकारी पहुंचाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि दूर दराज में रहने वालों के लिए इस तरह का सजीव प्रसारण कर पाएंगे तो उनको भी सनातन गौरव के इस महासमागम को जानने, सुनने और आने वाली पीढ़ी को बताने का अवसर प्राप्त होगा। सीएम ने कुंभवाणी चैनल शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सूचना प्रसारण मंत्रालय व प्रसार भारती को भी धन्यवाद दिया। सीएम योगी ने कहा कि वास्तव में लोक परंपरा और लोक संस्कृति को आम जन तक पहुंचाने के लिए हमारे पास जो सबसे पहले माध्यम था वो आकाशवाणी ही था। मुझे याद है कि बचपन में हम आकाशवाणी के माध्यम से उस समय प्रसारित होने वाले रामचरित मानस की पंक्तियों को बड़े ध्यान से सुना करते थे। समय के अनुरूप तकनीक बढ़ी और लोगों ने विजुअल माध्यम से भी दूरदर्शन के माध्यम से सचित्र उन दृश्यों को देखना प्रारंभ किया। बाद में निजी क्षेत्र के भी कई चैनल आए, लेकिन समय की इस प्रतिस्पर्द्धा के अनुरूप खुद को तैयार करना और दूरदराज के क्षेत्रों में जहां पर कनेक्टिविटी के इश्यू होते हैं वहां पर बहुत सारी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए प्रसार भारती के एफएम चैनल ने 2013, 2019 और अब 2025 में भी कुम्भवाणी के नाम पर इस विशेष एफएम चैनल को शुरू करने की कार्यवाही प्रारंभ की है। महाकुंभ से जुड़ी सभी तरह की जानकारियों के लिए प्रसार भारती ने ओटीटी बेस्ड कुंभवाणी एफएम चैनल की शुरुआत की है।

## महाकुंभ में मुसलमानों का स्वागत पर गलत मानसिकता से आए तो होगी डेंटिंग-पेंटिंग

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मानवता के सबसे बड़े समागम महाकुंभ में मुसलमानों का स्वागत है, लेकिन गलत मानसिकता से आने वालों की डेंटिंग-पेंटिंग भी होगी। अलग-अलग कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री ने भूमाफिया को भी चेताया और स्पष्ट कहा कि देर-सबेर उन्हें जमीन छोड़नी ही होगी। महाकुंभ नगर में शुक्रवार को आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ सनातन परंपरा और आस्था का महापर्व है। वर्षों पहले दबाव में आकर बहुत से लोगों ने उपासना पद्धति बदल ली लेकिन उनकी आज भी सनातन परंपरा में आस्था है। ऐसे लोगों का महाकुंभ में स्वागत है और वे संगम में आस्था की डुबकी लगाएं।



## मोदी से मिले योगी आदित्यनाथ

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकत की। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय ने दी है। प्रधामंत्री कार्यालय ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी की है। आधिकारिक रूप से इस मुलाकात का कोई ब्योरा नहीं दिया गया है लेकिन समझा जाता है कि श्री योगी ने प्रधानमंत्री को मुलाकात के दौरान राज्य के अन्य विषयों के साथ प्रयागराज में महाकुंभ के आयोजनों की तैयारियों की ताजा स्थिति की जानकारी दी। श्री योगी महाकुंभ की तैयारियों को लेकर दो दिन से प्रयाग में थे। उनका वहां का दौरा आज ही समाप्त हुआ। इस दौरान उन्होंने वहां महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लेने के अलावा कई अन्य कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने प्रयागराज में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवतीनंदन बहुगुणा की एक प्रतिमा का अनावरण भी किया।

## मुख्यमंत्री योगी ने आकाशवाणी के विशेष एफएम चैनल 'कुंभवाणी और 'कुंभ मंगल ध्वनि का किया लोकार्पण



**प्रयागराज, अमर चेतना।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सर्किट हाउसए प्रयागराज से महाकुंभ 2025 को समर्पित आकाशवाणी के विशेष एफ्एम चैनल कुंभवाणी 103.5 मेगाहट्र्ज का लोकार्पण किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन भी ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा कुंभ मंगल ध्वनि का भी लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुम्भवाणी चैनल शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सूचना प्रसारण मंत्रालय को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह एफएम चैनल न सिर्फ लोकप्रियता की नई ऊंचाई हासिल करेगा, बल्कि महाकुम्भ को दूरदराज के उन गांवों तक भी ले जाएगा जहां लोग चाहकर भी नहीं पहुंच पाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी के प्रचार की भेंट चढ़ी प्रतिभावान बच्चों की छात्रवृत्ति: प्रियंका

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि प्रतिभाओं की खोज के लिए दशकों से दी जाने वाली छात्रवृत्ति तीन साल सें बंद है, जिससे प्रतिभाशाली युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रचार प्रसार के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जा रही है। सुश्री वाड्रा ने कहा कि 60 साल से यह छात्रवृत्ति दी जा रही है लेकिन पिछले तीन साल से इसकी 40 करोड़ की राशि रोकी गई है, जबकि श्री मोदी के प्रचार पर इससे कहीं अधिक राशि खर्च की गई है। श्रीमती वाड्रा ने कहा, प्रगति के विजन पर प्रधानमंत्री जी का पीआर हावी है। वर्ष 1963 में शुरू हुई % राष्ट्रीय प्रतिभा शोध परीक्षा छात्रवृत्ति से तमाम बच्चों के भविष्य का रास्ता बना, वे देश की प्रगति के भागीदार बने, उनके लिए अच्छी शिक्षा के द्वार खुले।

### साइबर धोखाधड़ी सिंडिकेट पर हैदराबाद पुलिस की कार्रवाई, 23 गिरफ्तार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** साइबर अपराधियों के खिलाफ एक बड़े अभियान में, साइबर अपराध पुलिस स्टेशन, हैदराबाद ने उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों में वित्तीय धोखाधड़ी योजनाओं के नेटवर्क में शामिल 23 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई डिजिटल सिस्टम का शोषण करने वाले संगठित धोखाधड़ी सिंडिकेट को लक्षित करने वाली पांच विशेष टीमों के समन्वित प्रयास का हिस्सा थी। गिरफ्तार संदिग्ध तेलंगाना में 30 मामलों और देशभर में 359 मामलों से जुड़े हैं। जांच में निवेश धोखाधड़ी, डिजिटल गिरफ्तारी घोटाले, ट्रेडिंग धोखाधड़ी, एपीके फ़ाइल धोखाधड़ी और नौकरी घोटाले सहित कई धोखाधड़ी योजनाओं का खुलासा हुआ, जिससे पीड़ितों को कुल 5.29 करोड़ रुपये की वित्तीय हानि हुई।

### एरो इंडिया 2025 की शुरुआत, बेंगलुरु में ड्रोन, गुब्बारों पर लगा बैन

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार ने एयरो इंडिया 2025 कार्यक्रम के दौरान 10 से 14 फरवरी तक बेंगलुरु में सभी उप-पारंपरिक हवाई प्लेटफार्मों पर उड़ान भरने पर प्रतिबंध लगा दिया है। ड्रोन, पैराग्लाइडर और गुब्बारे जैसे उप-पारंपरिक हवाई प्लेटफ़ॉर्म निषिद्ध हैं क्योंकि इनका उपयोग संभावित रूप से निगरानी या हमलों के लिए किया जा सकता है। बेंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत आदेश जारी किया।

समलैंगिक विवाह

## सुप्रीम कोर्ट ने अपने 2023 के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिकाएं की खारिज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी देने से इनकार करने के अपने फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली याचिकाएं खारिज कर दी हैं। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की संविधान पीठ ने यह कहते हुए कि उन्हें अपने पिछले फैसले में रिकॉर्ड पर कोई त्रुटि नहीं दिखी, समीक्षा करने से इनकार कर दिया। याचिकाओं में उच्चतम न्यायालय की समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी देने से इनकार करने वाले 17 अक्टूबर, 2023 के फैसले की समीक्षा की मांग की गई थी। चैंबर कार्यवाही के बाद गुरुवार अपने आदेश में पीठ ने कहा, हमने न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट (पूर्व न्यायाधीश) द्वारा खुद और न्यायमूर्ति हिमा कोहली (पूर्व न्यायाधीश) द्वारा दिए गए फैसलों और हममें से एक (न्यायमूर्ति नरसिम्हा) द्वारा दिए गए फैसलों की गई सहमति वाली राय को ध्यान से पढ़ा है, जो बहुमत का मत है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि दोनों फैसलों में व्यक्त किया गया मत कानून के अनुसार है। इनमें किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने कहा, इस आधार पर पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज किया जाता है। न्यायालय ने समीक्षा याचिकाओं को खुली अदालत में सूचीबद्ध करने के लिए एक आवेदन को भी खारिज कर दिया।

## महिला सशक्तिकरण विकास के लिए अनिवार्य कदम



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने महिला सशक्तिकरण को भारत के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि यह न केवल महिलाओं के अधिकारों का सम्मान है, बल्कि राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। डा. जयशंकर ने यह बयान प्रवासी भारतीय दिवस के तहत 'डायस्पोरा दिवस: महिलाओं के नेतृत्व और प्रभाव का जश्न - नारी शक्ति' सत्र का उद्घाटन करते हुए दिया। उन्होंने इस दौरान महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा की जा रही पहलें भी साझा की। उन्होंने बताया कि सरकार ने महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक और मानसिक स्थिति को सुधारने के लिए कई योजनाओं का शुभारंभ किया है, ताकि वे समाज में अपने अधिकारों तथा स्थान को पूरी तरह से महसूस कर सकें। डा. जयशंकर ने महिला सशक्तिकरण को लेकर अपने विचारों को स्पष्ट करते हुए कहा कि नारी शक्ति को समझना और बढ़ावा देना कोई रॉकेट साइंस नहीं है। इसके लिए केवल सही दिशा, अवसर और समर्थन की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने से उनकी पूर्ण क्षमता सामने आएगी, जो राष्ट्र के विकास में सहायक होगी। उन्होंने इस मुद्दे को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण किसी समाज के सामाजिक और आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। यह विकास केवल उनके लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के लिए लाभकारी साबित होता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उवला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किए हैं। इससे महिलाओं की जीवनशैली में सुधार हुआ है और उन्हें रसोई में सुरक्षा और सुविधा मिल रही है। विदेश मंत्री ने कहा,महिलाओं को स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए मुद्रा योजना शुरू की गई है, जिसके तहत उन्हें छोटे व्यवसाय शुरू करने के लिए कर्ज दिया जा रहा है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता की ओर बढ़ने में मदद कर रही है।

## कोरोना वायरस जैसे एचएमपीवी के देश में 13 केस

**राजस्थान में 6 महीने की बच्ची पॉजिटिव, अब तक गुजरात और महाराष्ट्र में 3-3 मामले**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के देश में कुल 13 मामले हो गए हैं। शुक्रवार को राजस्थान के बारां से एक पॉजिटिव केस मिला है। यहां एक 6 महीने की बच्ची एचएमपीवी से संक्रमित हुई हैं। इससे पहले गुरुवार को 3 केस मिले थे। इनमें लखनऊ में 60 साल की महिला, गुजरात के अहमदाबाद में 80 साल का बुजुर्ग और हिम्मतनगर में 7 साल का बच्चा शामिल है। तीनों का इलाज चल रहा है। इससे पहले महाराष्ट्र और गुजरात में 3-3, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और यूपी में एक-एक केस सामने आए थे। एचएमपीवी केस बढ़ने पर अब राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को एचएमपीवी केसेस पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं। एचएमपीवी संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। केंद्र ने राज्यों को इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस और सीवर एक्यूट रेस्परेट्री इश्यूज जैसी सांस की बीमारियों की निगरानी बढ़ाने और एचएमपीवी के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है। केंद्र सरकार ने कहा था- सर्दी में एचएमपीवी का इन्फेक्शन आम चीन में एचएमपीवी के बढ़ते मामलों के बीच इमरजेंसी जैसे हालात बनने की बात कही गई थी।

## 17 राज्यों में घना कोहरा, दिल्ली में 120 फ्लाइट लेट

**कानपुर में तापमान 4.4 डिग्री पहुंचा, हिमाचल में कल से बर्फबारी, एमपी में बारिश के आसार**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में तेज सर्दी के साथ घना कोहरा भी देखने को मिल रहा है। शुक्रवार सुबह एमपी और यूपी समेत 17 राज्यों में घना कोहरा रहा। इस कारण कई राज्यों में विजिबिलिटी घटकर जीरो हो गई। दिल्ली में धुंध के कारण 120 फ्लाइट लेट हुईं। 4 उड़ानों को कैंसिल करना पड़ा। वहीं, कई ट्रेनें भी दिल्ली स्टेशन पर निर्धारित समय से लेट पहुंचीं। नॉर्दर्न रेलवे ने बताया की अब तक 26 ट्रेनें लेट हैं। यूपी के सभी 75 जिलों में कोहरा छाया हुआ है। नोएडा में विजिबिलिटी जीरो रिकॉर्ड की गई। आगरा में ताजमहल 20 मीटर की दूरी से दिखाई नहीं दे रहा था। यहां कानपुर सबसे ठंडा जिला रहा। न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री पहुंच गया है। मौसम विभाग ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में शनिवार और रविवार को बर्फबारी हो सकती है। उधर, कश्मीर में लगातार हो रही बर्फबारी के कारण ज्यादातर जगहों पर पारा माइनस में चल रहा है। राजस्थान में 10 जनवरी की देर शाम से बीकानेर संभाग के जिलों में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस सिस्टम के असर से बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ के एरिया में बादल छा सकते है।

## प्रवासी भारतीय 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण का अभिन्न हिस्सा: मुर्मु

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाना एक राष्ट्रीय मिशन है और इसमें प्रवासी भारतीयों सहित प्रत्येक भारतीय की सक्रिय तथा उत्साहजनक भागीदारी जरूरी है। श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को ओड़िशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय देश को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने के दृष्टिकोण का अभिन्न हिस्सा है।

संभल मस्जिद-कुआं विवाद

## सुप्रीम कोर्ट का उप्र सरकार को नोटिस



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** उचतम न्यायालय ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर विवादित संभल मस्जिद के आसपास के कुएं के इस्तेमाल करने के लिए स्थानीय नगर पालिका की ओर से जारी सार्वजनिक नोटिस को 21 फरवरी, 2025 तक लागू नहीं करने और दो सप्ताह में स्थिति का विवरण पेश करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने संभल शाही जामा मस्जिद समिति की याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने संभल नगर पालिका अधिकारियों से कहा कि वे पोस्टरों के माध्यम से जारी किए गए अपने सार्वजनिक नोटिस को लागू न करें, जिसमें शाही जामा मस्जिद के आसपास के कुएं को हिंदुओं द्वारा पूजा और स्नान के लिए उपलब्ध श्री हरि मंदिर बताया गया है। शीर्ष अदालत के समक्ष राय सरकार ने कहा कि उस जगह के आसपास की स्थिति शांतिपूर्ण थी, लेकिन आवेदक ने मुद्दा बनाने की कोशिश की। इस पर मस्जिद समिति की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने प्रस्तुत किया कि नगर पालिका द्वारा जारी किए गए।

# लिफ्ट में फंसकर किशोर की दर्दनाक मौत



घटनास्थल पर पुलिस मौजूद



मृतक किशोर

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर । सरोजनीनगर में शुक्रवार शाम लिफ्ट में फंसकर एक 15 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर सरोजनीनगर पुलिस और फायर स्टेशन के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। किसी तरह मृतक के शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूल रूप से लखीमपुर के गोला गोकरननाथ में रहने वाले सुरेश अग्रवाल की सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पार्किंग नंबर 9 के पास पांच मंजिला बिल्डिंग है। इस बिल्डिंग में सुरेश का भूतल से तीसरी मंजिल तक अशोक लीलैंड की हमराही ऑटो नाम से तीन पहिया व चार पहिया वाहनों का शोरूम व एजेंसी है। जिसमें पीजीआई के वृंदावन योजना सेक्टर- 5 निवासी शैलेंद्र राजवंशी का 15 वर्षीय बेटा शरद राजवंशी एक माह से सफाई कर्मी के रूप में नौकरी करता था। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे वह तीसरी मंजिल से लिफ्ट के जरिए नीचे आ रहा था।

तभी उसका लिफ्ट में पैर फंस गया। इससे दूसरी मंजिल पर लिफ्ट पहुंचते ही रुक गई। काफी देर तक लिफ्ट ऊपर नीचे नहीं गई तो लोगों ने लिफ्ट मैन अनिल प्रजापति को इसकी सूचना दी। अनिल ने जब लिफ्ट चेक की तो दूसरी मंजिल पर शरद राजवंशी उसमें फंसा हुआ मृत हालत में मिला। इसके बाद घटना की सूचना फायर स्टेशन और सरोजनीनगर पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंचे दमकल कर्मियों ने किसी तरह उसे बाहर निकाला। फिलहाल उसे लोक बंधु अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक शरद के परिवार में उसके पिता शैलेंद्र राजवंशी व मां नैना राजवंशी के अलावा भाई रणवीर (12) और 7 वर्षीय बहन परी है।

### कर्मचारी ने मां को घटना की दी सूचना


मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि सुरेश अग्रवाल की इस एजेंसी व शोरूम में करीब 40 कर्मचारी काम करते हैं। लेकिन उन्हें जैसे ही इस घटना की जानकारी हुई तो उसमें से एक ने मृतक की मां नैना को फोन कर सूचना दी। उसके बाद सारे कर्मचारी वहां से भाग गए। जब पुलिस और दमकल कर्मी घटना स्थल पर पहुंचे तो वहां अशोक लीलैंड शोरूम व एजेंसी का कोई भी कर्मचारी नहीं मिला।

### लिफ्ट में मृत हालत में फंसा पड़ा था किशोर, कर्मचारी गायब

मृतक की मां नैना ने बताया कि उसे वहां के किसी कर्मचारी ने फोन कर बताया कि उसके बेटे शरद का पैर लिफ्ट में फंस गया है। जिससे वह घायल हो गया। उसे लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया है। फोन करने वाले ने नैना से लोक बंधु अस्पताल पहुंचने को कहा। लेकिन वह सीधे वही पहुंची जहां उसका बेटा नौकरी करता था। वहां पहुंचने पर पता चला कि कंपनी के सारे कर्मचारी वहां से भाग गए और उसका बेटा शरद लिफ्ट में मृत हालत में फंसा पड़ा है। उसे देखते ही नैना चीख चीख कर रोने लगी।

## उ.प्र. राज्य महिला आयोग रेनू गौड़ दि. 15 जनवरी को महिला जन-सुनवाई करेंगी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता मैनपुरी**



मैनपुरी। उ.प्र. राज्य महिला आयोग द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक, आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से जिलाधिकारी की ओर से नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की ओर से नामित पुलिस अधिकारियों, महिला थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित थाने के क्षेत्राधिकारी के साथ जनपद में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा, महिला जन सुनवाई, निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है, इसी क्रम में सदस्य उ.प्र. राज्य महिला आयोग रेनू गौड़ दि. 15 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे ट्रॉजिस्ट हॉस्टल में महिला जन-सुनवाई करेंगी तत्पश्चात महिला बंदी गृह, बालिका, महिला गृह एवं ऑगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करेंगी।

## सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष ने की लाइसेंसी रिवाल्वर से आत्महत्या, लिवर कैंसर से थे पीड़ित

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष मुजीबुर्रहमान उर्फ बब्लू (51) ने शुक्रवार की सुबह अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। ऐसा आत्म घाती कदम उठाने से पूर्व सपा नेता ने अपने फैमिली व्हाट्सएप्प ग्रुप पर मैसेज लिखा ़ आप सब की मुहब्बत का बहुत शुक्रिया, दुआओं में याद रखें। बताया जा रहा है कि सपा नेता पिछले दो वर्षो से लिवर कैंसर से पीड़ित थे, उनका इलाज चल रहा था।आशंका व्यक्त की जा रही है कि बीमारी से तंग आकर उन्होने यह कदम उठाया।वह वजीरगंज थाना क्षेत्र में रहते थे 7 पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है एवं जांच पड़ताल कर रही है ।इस दु:खद घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

## महाकुंभ में प्रखर हिंदुत्व एवं राष्ट्रवाद पर चिंतन करेगी शिवसेना

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। महाकुंभ प्रयागराज स्थित शिवसेना उप्र द्वारा चिंतन शिविर का आयोजन दिनांक 23 व 24 जनवरी को किया जा रहा है। महाकुंभ स्थित शिवसेना द्वारा आयोजित हिंदुत्व एवं राष्ट्रवाद पर प्रदेश व अन्य प्रांतों से आये हुए पदाधिकारियों व धर्माचार्यों के बीच चिंतन-मनन होगा। शिवसेना प्रदेश प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह के द्वारा आगामी 12 जनवरी 2025 को महाकुंभ में लगने वाले शिविर का पूजन व शिविर प्रवेश किया जाएगा। इसके उपरांत दिनांक 23 व 24 जनवरी को सभी प्रांतों से शिवसेना पदाधिकारियों व धर्माचार्य द्वारा प्रखर हिंदुत्व व राष्ट्रवाद पर दो दिवसीय चिंतन-मनन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में युवा सेना प्रमुख पूर्व मंत्री महाराष्ट्र तथा विधायक आदित्य ठाकरे को आमंत्रित किया गया है। हिंदु हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे की 23 जनवरी 2025 को जयंती के उपलक्ष्य में पवित्र महाकुंभ तट पर उनके विचारों को आये हुए शिव सैनिक जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेंगे। शिवसेना उप्र इकाई ने सभी प्रांतों के पदाधिकारियों व राष्ट्रीय नेताओं को निमंत्रित किया है।

## राजस्व विभाग के लेखपाल द्वारा सही रिपोर्ट न लगाने के कारण नगर निगम 8 जोन की छवि हो रही धूमिल

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। नगर निगम 8 जोन के अधिकारियों ने सरकारी जमीनों को अवैध कब्जे को लेकर खाली करने में लगी हुई है वहीं राजस्व विभाग के लेखपाल दिनेश कुमार द्वारा लोगों की जमीन की पैमाइश कर सही कागजात देखकर बाउंड्री करवा दी गई जब नगर निगम 8 जोन के नायब तहसीलदार नीरज कटियार नगर निगम लेखपाल सुभाष कौशल नगर निगम लेखपाल जितेंद्र गुप्ता थाना सुशांत गोल्फ सिटी के अवध विहार चौकी प्रभारी विपिन कुमार सहयोगी राम प्रवेश साहनी सहयोगी अंकुर हेड कांस्टेबल अर्जुन के साथ हरिहरपुर में अवैध कब्जे को लेकर कई बाउंड्री तोड़ी गई तो कई जमीन धारकों ने राजस्व विभाग के लेखपाल से बातचीत करने की कोशिश की तो जवाब देने को तैयार नहीं हुए तो वहीं नायब तहसीलदार नीरज कटियार से बातचीत की और कहा कि हमारी जमीन की पैमाइश राजस्व विभाग के लेखपाल दिनेश कुमार के द्वारा लगाई गई। उसके बाद हम लोगों ने बाउंड्री कराई है। कई सालों की बाउंड्री हमारी बनी हुई है। राजस्व विभाग के रिपोर्ट के आधार पर ही हमारी बाउंड्री एवं कमरे बनाए गए हैं। नगर निगम जेसीबी के द्वारा गिराया गया है। नायब तहसीलदार नीरज कटियार ने बताया कि हम अपने रिपोर्ट के आधार पर ही कार्यवाही की जो हरिहरपुर में कई गाटा संख्या अवैध रूप से खाली कराया गया है जैसे खसरा संख्या 232 खसरा संख्या 433 खसरा संख्या 644 खसरा संख्या 799 पर कार्यवाही के द्वारा नगर निगम अस्थाई अवैध कब्जे हटाकर भूमि अतिक्रमणमुक्त कराया है इसी तरह से आगे भी अभियान चलाकर अवैध सरकारी जमीन को मुक्त कराई जाएगी और जरूरत पड़ने पर सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।



## कुंवर आर.सी. महिला महाविद्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं सड़क सुरक्षा पर एक परिचर्चा हुई




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता मैनपुरी**

मैनपुरी। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (01/01/2025 से 31/01/2025 )कार्यक्रम के संदर्भ में आज कुंवर आर सी महिला महाविद्यालय में दिनांक 10/01/ 2025 को शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं सड़क सुरक्षा पर एक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ शेफाली यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि नशे की हालत में कभी भी वाहन नहीं चलाना चाहिए ,सदैव सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए एवं मोबाइल का प्रयोग वाहन चलाते समय कदापि नहीं करना चाहिए ,कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं को सड़क सुरक्षा शपथ एवम सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा जायसवाल ने सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए बताया कि हमें हमेशा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए, दो पहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए एवं सड़क दुर्घटना में ग्रसित लोगों को तत्काल सेवा उपलब्ध करानी चाहिए ,सदैव चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त छात्राएं, महाविद्यालय के डॉक्टर प्रियंका सोनकर, लेफ्टिनेंट सविता एवं महाविद्यालय के सभी कर्मचारीगण सम्मिलित रहे।

## कन्याकुमारी के समंदर में बना देश का पहला कांच का पुल

**➲ बढ़ेगी कनेक्टिविटी , पर्यटकों के आकर्षण बनेगा केंद्र**







**तीसरा विकल्प न्यूज़ - कन्हैया सिंह**

तमिलनाडु में कन्याकुमारी के समंदर में देश का पहला कांच का पुल बनाया गया है। सीएम एमके स्टालिन ने इस कांच के पुल का उद्घाटन किया। यह पुल दो प्राचीन स्थल को जोड़ने का काम करेगा। इस कांच के पुल का इस्तेमाल कर के लोग अब विवेकानंद स्मारक से तिरुवल्लुवर प्रतिमा तक पहुंच सकते हैं। अब स्मारक से प्रतिमा तक जाने के लिए लोगों को किसी तरह की बोट की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस पुल को 37 करोड़ की लागत से तैयार किया गया है। यह ब्रिज 10 मीटर चौड़ा और 77 मीटर लंबा है। साथ ही इस ब्रिज पर सुरक्षा का भी पुख्ता इंतजाम है। तिरुवल्लुवर प्रतिमा की साल 2000 में पूर्व सीएम एम. करुणानिधि ने स्थापना की थी। इस प्रतिमा को बनाए हुए पूरे 25 साल होने वाले हैं। इसी मौके पर राज्य में रजत जयंती मनाई जा रही है। रजत जयंती मनाने के लिए तीन दिवसीय समारोह की शुरुआत में ग्लास फाइबर ब्रिज को खोला गया है। यह पुल जल्द ही लोगों के लिए खोला जाएगा। समंदर पर बना देश का पहला पुल लोगों को पूरी सुरक्षा के साथ एक अलग ही तस्वीर देखने का मौका देगा। इसके जरिए नागरिक विवेकानंद स्मारक और तिरुवल्लुवर प्रतिमा को देख सकते हैं। साथ ही सूरज उदय और सूर्यास्त का मजा ले सकते हैं। कांच के पुल से नीचे देखने पर उन्हें समंदर दिखाई देगा। इस पुल के बनने से पहले विवेकानंद स्मारक और तिरुवल्लुवर प्रतिमा तक पहुंचने के लिए लोगों को नाव का सहारा लेना पड़ता था। विवेकानंद स्मारक से तिरुवल्लुवर प्रतिमा तक जाने के लिए उन्हें बोट में बैठना पड़ता था। लेकिन अब वे सिर्फ 77 मीटर लंबा पुल पार कर के स्मारक से प्रतिमा तक जा सकते हैं। इस कांच के पुल का निर्माण करने के लिए सरकार ने 37 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। साथ ही यह ब्रिज देश के टूरिज्म को बढ़ाने में अहम रोल निभाएगा क्योंकि यह समंदर पर बना पहला कांच का ब्रिज है। इसे देखने के लिए लोग पहुंचेंगे। ग्लास ब्रिज तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का एक ऐसा प्रोजेक्ट है जिसका मकसद कनेक्टिविटी बढ़ाना और लोगों को सुविधा देना है। साथ ही इस प्रोजेक्ट का मकसद टूरिज्म को भी बूस्ट करना है। यह पहल कन्याकुमारी को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में बनाने की एक कोशिश है। समंदर के ऊपर बनाए गए इस कांच के ब्रिज को बहुत अलग तरह से डिजाइन किया गया है। इसको तैयार करने के लिए एडवांस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। ग्लास ब्रिज को तेज समुद्री हवाओं सहित नाजुक और खतरनाक समुद्री परिस्थितियों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है। इन सब चीजों के साथ इस पुल पर लोगों की सुरक्षा का खास ख्याल रखा गया है। तमिलनाडु के लोक निर्माण और राजमार्ग मंत्री ई वी वेलु ने इस ब्रिज के निर्माण पर कहा कि पुल का निर्माण करना बहुत चुनौतीपूर्ण कार्य है। हमें इसे समुद्र के ऊपर और तेज हवा जैसी कई मुश्किलों का सामना करने के लिए तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की मदद लेनी पड़ी। वेलु ने कहा कि कांच का पुल कन्याकुमारी में पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेगा।

# जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री संबंधी बैठक में अधिकारियों को दिए दिशानिर्देश



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता मैनपुरी**

मैनपुरी। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने फार्मर रजिस्ट्री संबंधी बैठक में खंड विकास अधिकारियों, सहायक निबंधक सहकारिता, जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के कार्य की सघन मॉनिटरिंग करें, जनपद में प्रतिदिन कम से कम 01 हजार फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य निर्धारित कर उसकी पूर्ति की जाए, खंड विकास अधिकारी आज ही अपने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों से मोबाइल पर वार्ता कर प्रधानों को अपने क्षेत्र के कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री कराने का उत्तरदायित्व सौपें, अपने-अपने क्षेत्र के सभी ग्राम स्तरीय कार्मिकों को इस कार्य में लगाया जाये, प्रत्येक दशा में फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति में अगले 02 दिन में सुधार दिखे। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि तत्काल कोटा डीलर से वार्ताकर कोटा डीलर के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री करायी जाए, कोटा डीलर अपने राशन कार्ड धारक किसानों को जन सुविधा केंद्र, ग्राम पंचायत सचिवालय पर ले जाकर उनकी फार्मर रजिस्ट्री कराने में योगदान दें, राशन डीलर के माध्यम से कराई जा रही फार्मर रजिस्ट्री की सघन मॉनिटरिंग तहसील स्तर पर पूर्ति निरीक्षकों एवं जिला स्तर पर जिला पूर्ति अधिकारी स्वयं करें। उन्होने नाराजगी व्यक्त करते हुये जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि ग्राम पंचायत सचिवालयों में फार्मर रजिस्ट्री के कार्य की प्रगति बेहद निराशाजनक है जबकि पंचायत सचिवालयों में फार्मर रजिस्ट्री हेतु सभी संसाधन, कार्मिक उपलब्ध हैं। उन्होने डी.पी.आर.ओ. को आदेशित करते हुये कहा कि ग्राम पंचायत सचिवालयों में वहां के कृषकों को बुलाकर मौके पर ही फार्मर रजिस्ट्री कर प्रिंट उपलब्ध कराया जाये। श्री सिंह ने सहायक निबंधक सहकारिता को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद की 58 सहकारी समितियो पर फार्मर रजिस्ट्री करने हेतु आई.डी. जनरेट की गई है, संबंधित सहकारी समिति के कार्मिक अपने-अपने क्षेत्र के किसानों से समन्वय स्थापित कर उनकी फार्मर रजिस्ट्री करायें, ए.आर को-ऑपरेटिव अपने स्तर से प्रतिदिन समीक्षा करें। उन्होंने ई डिस्टिक मैनेजर, जन सेवा केंद्र प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी जन सुविधा केन्द्रो पर फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु समस्त व्यवस्थाएं उपलब्ध रहें। बैठक में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता जितेन्द्र पाल सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी क्यामुद्दीन अंसारी, ई-डिस्टिक्ट मैनेजर सौरभ पाण्डेय सहित समस्त खंड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर अपर समाहर्ता सुभाषचंद्र मंडल ने संवाद कक्ष में जनता दरबार में सुनी फरियाद



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - कन्हैया सिंह**

जमुई पटना। समाहर्ता अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर अपर समाहर्ता सुभाष चंद्र मंडल ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन कर फरियादियों की फरियाद सुनी। नीलाम पदाधिकारी शशांक बरनवाल , स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम पवन कुमार आदि पदाधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे। जनता दरबार में दूर-दराज से आए फरियादियों ने एडीएम के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। एडीएम ने कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया वहीं कुछ मामलों को शिकायत से जुड़े विभाग को अग्रसारित कर विधि-सम्मत कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि बंटबारा , अतिक्रमण , दाखिल खारिज , रैयति भूमि का निबंधन , खतियान , दखल-कब्ज़ा , जमीन की नापी , अल्पवास गृह , विवादित भूमि पर जबरन कार्य , चयन प्रक्रिया , जमाबंदी , सेवान्त लाभ , सामाजिक सुरक्षा लाभ , नक्शा रद्द , रास्ता अवरुद्ध , मारपीट , निलंबन , बासगीत पर्चा , आंगनवाड़ी , गैर मजरूआ जमीन आदि मामले प्रतिवेदित किए गए। एडीएम ने तमाम प्रकरणों को गंभीरता से लिया और इस पर यथोचित कार्रवाई की। उन्होंने मौके पर कहा कि जनता को हितकारी समस्याओं से उबारना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसको देखते हुए जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। श्री मंडल ने इसका लाभ लेने की अपील की। जनता दरबार को लेकर समाहरणालय में विशेष हलचल देखी गई।

# एलडीए ने अवैध निर्माणों पर कसी नकेल

**❑ शहर की सुंदरता बचाने के लिए एलडीए का बड़ा कदम**



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शहर में अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को प्रवर्तन टीम ने विभिन्न इलाकों में कार्यवाही की। काकोरी में 02 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया, जिनमें से एक मौदा में टी0एस0 मिश्रा कॉलेज से पहले लगभग 08 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए वेलकम सिटी नाम से कालोनी विकसित की जा रही थी। दूसरी अवैध प्लाटिंग काकोरी के समदा में महावीर हार्डवेयर के पीछे लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में सिंह प्रॉपर्टीज नाम से अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसके अलावा अमीनाबाद, हुसैनगंज, निशातगंज व बालागंज में 07 अवैध निर्माण सील किये गये। इनमें हुसैनगंज में लालकुआं रोड पर लगभग 101 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर निर्माण कार्य, निशातगंज के न्यू हैदराबाद में 220 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध निर्माण, अमीनाबाद की मारवाड़ी गली में लगभग 100-100 वर्गमीटर क्षेत्रफल के 03 भूखण्डों पर अवैध निर्माण और अमीनाबाद की झौवे वाली गली में लगभग 80 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण शामिल हैं। इस कार्रवाई से अवैध निर्माण और प्लाटिंग करने वालों को सख्त संदेश दिया गया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शहर में अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई करने का संकल्प लिया है और इसी क्रम में यह कार्रवाई की गई है।

# विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ ने कप्तान को सौंपा शिकायती पत्र की कार्यवाही की मांग

**➢ मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी के विवादित बयान पर कार्यवाही की मांग**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता बाराबंकी**

बाराबंकी। प्रयाग की भूमि पर एक बृहत क्षेत्र में प्रत्येक बर्ष माघमेले का आयोजन, छ: बर्ष पर भर्दकुम्भ का आयोजन व प्रत्येक 12 वर्ष पर कुम्भ का आयोजन अनवरत रूप से पौराणिक काल से ही किया जाता रहा है. कुम्भ मनाने का कारण व उसकी कथा हिन्दू धर्मग्रन्थों व पुराणो में वर्णित है। यही नहीं, सदियों पहले से यहां आने वाले बिदेशी यात्रियों ने भी अपने संस्मरण में कुंभ का बर्णन किया है। सम्म्राट चन्द्रगुप्त मौर्य के समय 302 ईसा पूर्व यूनानी यात्री भेगस्थनीच ने अपनी कि??? %इंडिका% में गंगा किनारे लगने वाले मेले का वर्णन किया है। चीनी यात्री फाहियान ने (399 से 411 ई.) अपने यात्र वर्णन में कुम्भ मेले का वर्णन किया है और सम्राट हर्षवर्धन के समय आये चीनी यात्री हवेनसांग ने अपनी कितव सी-यू-की% में लिखा है कि देशभर के शासक धार्मिक पर्व में दान देने प्रयाग आवे थे।महाराव हर्षवर्धन जिनका शासन काल 606 ई से 647 ई. राफ था, के कुम्भ मेले में आने व अपनी समस्त सम्पत्त्वि (फ्न, आभूषण, वश्व इत्यादि) दान करने का वर्णन तत्कालीन देशी व विदेशी इतिहासकारों द्वारा 644 ई. में किया गया है। आयोजन में देश विदेश से साधू-सन्यासी, महात्मा व सन्तों द्वारा सम्मेलन कर अपने उपदेशों के माध्यम से सामान्य जन के मन में बिना किसी भेदभाव के धर्म व संस्कृति म सनातन धर्म ज्योति बला कर मामबन का उत्थान किया जाता रहा है। वर्तमान सरकार द्वारा कुम्भ आयोजन स्थल को एक नया जनपद भी बना दिया गया है।5 जनवरी.2025 को समथ अफ्राक एक बने नवभारत समाचार चैनल पर खबर प्रसारित की गयी कि ऑल इण्डिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजनी मोलची इस्लामिक स्कस्लर द्वारा बताया गया कि इलाहाबाद के निवासी सरताच के मुताबिक महाकुम्भ-2025 का आयोबन गंगा नदी के तट पर बक्फ बोर्ड गये है। मुस्लिम समाज बढ़ा दिल विखाकर आयोबन रोक नहीं रहा है यहीं पर निर्वाणी अखान गुसलमानों को महाकुम्भ आयोन्स में शामिल होने से रोक रहा है। मुसलमानों को यहाँ पर व्यवसाय नहीं करने दिया जा रहा है। वहां पर गुसलमानों का बड़ी संख्या में धर्म परिवर्तन कराया जायेगा। मौलाना शहाबुद्दीन रखमी बरेलवी द्वारा एक साजिश के तहत ऐसा बयान देकर एक बर्ग में धर्मिक कल्माव फैलाने व समाज को निखण्डित करने का प्रयास किया जा रहा है। मौलाना माहाबुद्दीन रजनी बरेलवी की मंशा अपने बयान के माध्यम से मुस्लिम समाज के सरपंथी वर्ग में धार्मिक ज्यार फैलाने व सामन्तों भार्मिक में रोषकदेश में मार्मिक फसाद व झगड़ा कराने का है। उनका यह वक्तव्य राष्ट्र विरोधी, समान को तोड़ने की साबिश व सनातन धर्म की छवि को विश्व भर में पुमिल करने व विदेशी ताकतों से मिलकर सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने व राष्ट्र विरोधी व समान विरोधियों को भड़काकर देश को धार्मिक दंगों की आग में झोकने वाला है। उनके द्वारा जानबूझ कर एक साजिश के तहत बिना किसी दस्तावेज के निराधार आरोप लगा कर सनातन कार्यों एवं धर्म, धार्मिक भावनाओं व आस्या को ठेस पहुंचाने व आहत करने वाला है। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी का उपरोक्त वक्तव्य उनकी विकृत मानसिकता व विद्वेषपूर्ण आचरण का परिचायक है, उनके द्वारा भारतवर्ष में रहने वाले समस्त सनातन धर्मियों के सांस्कृतिक व एतिहासिक व धार्मिक आस्थाओं के साथ सरेआम छेड़छाड़ व भेदभाव कर बलवा व दंगा भड़काने का प्रयास किया है, जिससे महाकुम्भ-2025 प्रयागराज में होने वाले आयोजन में विघ्न व बाधा डालने का पडयंत्र रचा है। यदि महाकुंभ-2025 के आयोजन में कोई अप्रिय घटना घटती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी की होगी। मौलाना शहाबुद्दीन रज्जवी बरेलवी के उपरोक्त वक्तव्य से प्रार्थी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है व मानसिक आघात लगा है।कृपया उचित कार्यवाही करते हुए सुसंगत धाराओं में मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए अविलम्ब कठोर से कठोरतम कार्यवाही करने की मांग करते हुये विश्व हिन्दू परिषद,विधि प्रकोष्ठ इकाई के जिला संयोजक अमित कुमार गुप्ता द्वारा लिखित तहरीर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी को प्रस्तुत की गयी हैं।इस मौके पर अमित कुमार गुप्ता,जिला संयोजक राहुल विक्रम सिंह एडवोकेट ,आदर्श श्रीवास्तव,विवेक रघुवंशी,वेद गुप्ता,विवेक श्रीवास्तव,सचिन प्रताप सिंह,मनीष सोनी,प्रभाकर गुप्ता,नमन सहित आदि मौजूद रहे।

# आईएसडब्ल्यूएआई और द सोशल लैब ने उत्तर प्रदेश के आबकारी विभाग और उत्तर प्रदेश ट्रैफिक पुलिस के साथ 'नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव' अभियान की शुरुआत की


**➲ सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार शराब सेवन को बढ़ावा देने के लिए एक संयुक्त प्रयास**




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय स्पिरिट्स एंड वाइन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएसडब्ल्यूएआई), द सोशल लैब, उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग और उत्तर प्रदेश पुलिस के सहयोग से उत्तर प्रदेश में 'नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव' अभियान की शुरुआत की गई है। यह पहल राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह (11-17 जनवरी, 2025) के साथ मेल खाती है, जिसका उद्देश्य शराब पीकर गाड़ी चलाने के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाना और जिम्मेदार शराब सेवन को बढ़ावा देना है। इस अभियान का उद्घाटन एक विशेष कार्यक्रम में रेनैसांस लखनऊ होटल में हुआ, जिसमें प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों और हितधारकों ने भाग लिया। 'नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव' अभियान का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को संबोधित करना है, जो देश में सड़क पर मौतों के उच्चतम दर वाले राज्यों में से एक है। शराब पीकर गाड़ी चलाने से इन मौतों का 2.5ब हिस्सा बनता है, जो इस पहल की तात्कालिकता को रेखांकित करता है। जागरूकता बढ़ाकर, जनता को शिक्षित करके और व्यवहार में बदलाव लाकर, इस अभियान का लक्ष्य जीवन बचाना और सड़क दुर्घटनाओं को घटाना है। नितिन अग्रवाल, माननीय राज्य मंत्री, आबकारी, उत्तर प्रदेश ने कहा, सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है। यह अभियान सभी नागरिकों को एक महत्वपूर्ण संदेश देता है- कभी भी शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। सुरक्षा को सुविधा से ऊपर प्राथमिकता देना आवश्यक है, और मैं आईएसडब्ल्यूएआई को इस कारण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए सराहना करता हूं। साहिल अरोरा, सीईओ, द सोशल लैब ने इस पहल के महत्व को एक गंभीर सामाजिक मुद्दे को संबोधित करने में बताया। द सोशल लैब में, हम साझेदारी के माध्यम से सार्थक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आईएसडब्ल्यूएआई के साथ इस अभियान में हमारा सहयोग हमारे मिशन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाने और व्यवहार में बदलाव लाने का है। इस प्रयास के माध्यम से, हम शराब पीकर गाड़ी चलाने की घटनाओं को घटाना चाहते हैं और सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच सुरक्षित विकल्पों को बढ़ावा देना चाहते हैं। श्री आदेश गुप्ता, द सोशल लैब के सलाहकार बोर्ड सदस्य ने और कहा, नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव' अभियान सड़क सुरक्षा और जीवन की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल, सार्वजनिक जागरूकता, जमीनी सक्रियताओं और कानून प्रवर्तन के सहयोग के माध्यम से, बहु-हितधारक साझेदारियों की शक्ति को प्रदर्शित करती है, जो वास्तविक प्रभाव डालने में सक्षम हैं। विकास कुमार पांडे ,एसीपी ,ट्रैफिक पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, उत्तर प्रदेश ने कहा, उत्तर प्रदेश पुलिस हमारे नागरिकों की सड़क पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। आईएसडब्ल्यूएआई के साथ हमारी साझेदारी शराब पीकर गाड़ी चलाने के खतरों के बारे में जनता को शिक्षित करने में मदद करेगी और जिम्मेदार सड़क व्यवहार को बढ़ावा देगी। हम सभी से अपील करते हैं कि वे कानून का पालन करें और शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। डॉ. आदर्श सिंह, आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश ने कहा, आबकारी विभाग सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ावा देने और गैर जिम्मेदार शराब सेवन को नियंत्रित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। आईएसडब्ल्यूएआई और द सोशल लैब के साथ इस सक्रिय पहल का उद्देश्य दुर्घटनाओं को कम करना और सुरक्षित पीने के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। युवा-प्रेरित रोडशो- युवा दर्शकों के बीच इस संदेश को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय कार्यक्रम। बार और पब इंटरवेंशन - नाइटलाइफ स्थलों में जिम्मेदार शराब सेवन को बढ़ावा देने और शराब पीकर गाड़ी चलाने से बचने के लिए संदेश। मीडिया और डिजिटल आउटरीच- रेडियो विज्ञापन, होर्डिंग्स, बैनर और सोशल मीडिया अभियानों के माध्यम से नागरिकों को शराब पीकर गाड़ी न चलाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करना। कानून प्रवर्तन सहयोग- यूपी पुलिस को ब्रीथ एनालाइज़र दान करना और कानून प्रवर्तन अधिकारियों के लिए जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन, ताकि वे शराब पीकर गाड़ी चलाने को रोकने में अपनी भूमिका को सुदृढ़ कर सकें। यह अभियान चार महीनों तक चलेगा, जिसका उद्देश्य स्थायी व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना और नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना को स्थापित करना है। उच्च- सक्रियताओं और सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से, यह पहल उत्तर प्रदेश को सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार व्यवहार के लिए एक आदर्श बनाने का लक्ष्य रखती है। द सोशल लैब के बारे में द सोशल लैब एक उद्देश्य-प्रेरित संगठन है जो सहयोग और नवाचार के माध्यम से प्रभावी, स्थायी समाधान बनाने के लिए समर्पित है। सड़क सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और जिम्मेदार व्यवहार जैसे प्रमुख सामाजिक मुद्दों को संबोधित करने में विशेषज्ञता रखने वाले द सोशल लैब, सरकारों, व्यवसायों और समुदायों के साथ मिलकर सकारात्मक सामाजिक बदलाव लाने के लिए काम करता है। व्यवहार में बदलाव लाने और सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के माध्यम से, द सोशल लैब रणनीतिक साझेदारियों और डेटा-आधारित दृष्टिकोणों के माध्यम से स्थायी प्रभाव बनाने का लक्ष्य रखता है।

# विवादित ढांचे को मस्जिद बोलने से बचना चाहिए, सीएम योगी आदित्यनाथ



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी विवादित ढांचे को मस्जिद बोलने से बचना चाहिए, क्योंकि यह इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ है। सीएम ने महाकुंभ को एक ऐसा आयोजन बताया, जो आस्था और आधुनिकता का बेहतरीन समागम प्रस्तुत करेगा और वैश्विक स्तर पर नई छाप छोड़ेगा। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ को %भव्य, दिव्य और डिजिटल कुंभ% के रूप में पहचाने जाने का विश्वास जताया और यह भी कहा कि महाकुंभ स्वच्छता, सुरक्षा और आधुनिकता के साथ-साथ आस्था और आधुनिकता का नया समागम भी बनेगा। उन्होंने वर्ष 2013 में मां गंगा की गंदगी को लेकर तत्कालीन मॉरिशस प्रधानमंत्री के आंसुओं का जिक्र किया, और कहा कि कुछ लोग यहां दुष्प्रचार करने का ठेका लिए हुए हैं, जबकि उन्होंने खुद यहां स्नान और आचमन किया, लेकिन बीमार नहीं पड़े। सीएम योगी ने यह भी कहा कि प्रयागराज को जो कार्य का हकदार है, वह उसे प्राप्त होना चाहिए। वक्फ बोर्ड के बारे में टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि यह भूमाफियाओं का बोर्ड है, न कि कोई धार्मिक बोर्ड, और यह भूमि हमेशा कुम्भ के लिए उपलब्ध रहेगी। सीएम ने यह स्पष्ट किया कि जो लोग परंपरागत रूप से संगम में स्नान के लिए आएंगे, उनका स्वागत है, लेकिन जो लोग इसे अपनी भूमि कहेंगे, उनकी होगी %डेंटिंग-पेंटिंग%। उन्होंने यह भी कहा कि आइन-ए-अकबरी में संभल में श्री हरि विष्णु मंदिर तोड़ने का उल्लेख है, और हरि विष्णु मंदिर के शास्त्रीय प्रमाण और आस्था के साक्ष्य मौजूद हैं। अंत में, उन्होंने संविधान का गला घोंटने वालों की आलोचना करते हुए कहा कि संविधान की प्रति लेकर लोगों को बेवकूफ बनाने की कोशिश की जा रही थी।

# बिजली चोरी के खिलाफ बिजली विभाग द्वारा चलाया गया अभियान






**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बिजली विभाग द्वारा बिजली चोरी के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान का शुक्रवार को और भी प्रभावी रूप देखा गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य न केवल बिजली चोरी को रोकना है, बल्कि उपभोक्ताओं को इसके बारे में जागरूक भी करना है। कड़ाके की ठंड में भी बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सड़कों पर उतरे। लखनऊ सेंट्रल जोन के चौक सर्किल में बिजली चोरी पर नकेल कसने के लिए एक व्यापक मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के निर्देश पर ठाकुरगंज डिवीजन के अधिशासी अभियंता दीपक कुमार और उनकी टीम ने गऊघाट उपकेंद्र के फीडर काले की गली क्षेत्र में छापेमारी की। साथ ही, चौक डिवीजन में एसडीओ नादान महल रोड के नेतृत्व में भी एक मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। अभियान में विजिलेंस टीम, अवर अभियंता, विभागीय कर्मचारी और स्थानीय पुलिस बल भी शामिल थे। अभियान के दौरान कई बिजली चोरों को पकड़ा गया, और अब उनके खिलाफ आगे की कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल बिजली चोरी पर नियंत्रण पाना है, बल्कि उपभोक्ताओं को सही और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना भी है।

# बीबीएयू में धूमधाम से मना विश्वविद्यालय दिवस

**➲ नौजवानों से ही सामाजिक परिवर्तन संभव है: बैजनाथ**



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में शुक्रवार को विश्वविद्यालय दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसके द्विवेदी ने की। समारोह में विश्वविद्यालय की शुरुआत से अब तक यात्रा और उपलब्धियां साझा की गईं। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश अनूसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने कहा कि समाज को एक प्रकार का नया संविधान लिखने की जरूरत है, जिसमें युवा पीढ़ी को संस्कार, आदर्शों एवं मूल्यों के आधार पर कार्य करने को प्रेरित किया जाये। क्योंकि नौजवानों से ही सामाजिक परिवर्तन संभव है और यह परिवर्तन वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज की युवाशक्ति को महापुरुषों को अपना आदर्श बनाना चाहिए, जिससे सभी के लिए सुरक्षित एवं समृद्ध समाज का निर्माण हो सके। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एस. के. द्विवेदी ने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी शैशवावस्था से होकर 28 वर्ष पूर्ण कर चुका है, जिसमें अनंत शक्तियां समाहित है। चाहे विद्यार्थी हो या शिक्षक व गैर शिक्षण कर्मचारी, विश्वविद्यालय की उन्नति के लिए सभी की कर्तव्यनिष्ठा, कर्त्तव्यपरायणता एवं सेवाभाव के कदम सराहनीय है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय प्रो. विवेक कुमार ने कहा कि हमें अम्बेडकर जी के दो व्यक्तित्वों एक्टिविस्ट अम्बेडकर एवं एकेडमिशियन अम्बेडकर को गंभीरता से पढ़ना चाहिए। विद्यार्थी होने के नाते हमें एकेडमिक अम्बेडकर के व्यक्तित्व शिकायत करने की जगह चुनौतियों का सामना करना सीखना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फिजिकल एंड डिसीजन साइंस के संकायाध्यक्ष प्रो. बाल चंद्र यादव द्वारा लिखित पुस्तक कॉम्प्लेक्स एंड कम्पोसाइट मेटल ऑक्साइड्स फॉर गैस, वीओसी एंड ह्यूमिडिटी सेंसर्स का विमोचन किया गया। इस मौके पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. नरेन्द्र कुमार, प्रॉक्टर प्रो. एम.पी. सिंह, आइक्यूएसी डायरेक्टर प्रो. राम चंद्रा, सेवानिवृत्त शिक्षक प्रो. आरबी राम, प्रो. यूवी किरण, प्रो. शशि कुमार व अन्य मौजूद रहे।

**1050 विद्यार्थियों को मिले टैबलेट**

कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के लगभग 1050 से अधिक विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किये गये। यह टैबलेट उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद योजना के तहत वितरित किये गये थे। जिसका मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को हाईटेक शिक्षा से जोड़ना है।

## समाचार

### बजट में शून्यीकरण और वेतन भुगतान में देरी पर संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री की प्रतिक्रिया

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की वर्तमान कार्यशैली पर गहरी चिंता व्यक्त की है। मिशन निदेशक कार्यालय द्वारा हाल ही में जारी आदेश, जिसमें सभी जिलों के एनएचएम बजट को शून्य कर दिया गया है, के परिणामस्वरूप कई जनपदों में कर्मचारियों के वेतन भुगतान में बाधा उत्पन्न हो रही है। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि इस तरह के आदेश माह के प्रारंभ में जारी करना केवल कर्मचारियों के लिए हानिकारक साबित हो रहा है। अधिकांश जनपदों में वेतन बैंक में ट्रांसफर के बाद पेमेंट रिजेक्ट हो रहा है, जिससे पुनः वेतन भुगतान प्रक्रिया में महीनों का समय लग सकता है। इससे न केवल कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति प्रभावित होगी, बल्कि भ्रष्टाचार और शोषण के रास्ते भी खुल सकते हैं। उन्होंने इस समस्या के लिए सीधे तौर पर संबंधित विभागीय मंत्री को जिम्मेदार ठहराया, जिनका विभाग पर नियंत्रण नहीं दिख रहा है। यह स्थिति दर्शाती है कि विभागीय प्रशासन में गंभीर सुधार की आवश्यकता है। प्रदेश महामंत्री ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने और कर्मचारियों के वेतन भुगतान में आने वाली बाधाओं को दूर करने की अपील की है। साथ ही, उन्होंने मांग की कि एनएचएम के बजट में शून्यीकरण के आदेश को तुरंत वापस लिया जाए और भविष्य में इस प्रकार के निर्णयों को लागू करने से पहले गहन विचार-विमर्श किया जाए। प्रदेश महामंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि इस समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया, तो संगठन आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होगा।

### अल्पसंख्यक आयोग रिक्तः उत्तर प्रदेश में जनहित याचिका

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक आयोग में अध्यक्ष और सभी सदस्यों के पद रिक्त होने के कारण, डॉ. शमशेर यादव जगराना ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ खंडपीठ में एक जनहित याचिका दायर की है। याचिका में उल्लेख किया गया है कि आयोग के सभी पद 29 जून 2024 से रिक्त हैं। आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी का कार्यकाल 29 जून को समाप्त हो गया था, और अन्य सभी सदस्यों का कार्यकाल भी समाप्त हो चुका है। अल्पसंख्यक आयोग का प्रमुख कार्य अल्पसंख्यक समुदायों के हितों की रक्षा करना है। यह आयोग केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा बनाए गए रक्षा उपायों को लागू करने की वकालत करता है, अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव की शिकायतों की जांच करता है, और उनके सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक विकास के लिए सुझाव देता है। याचिकाकर्ता ने अदालत से आदेश देने की मांग की है कि उत्तर प्रदेश सरकार को आयोग के सभी रिक्त पदों को तुरंत भरने के निर्देश दिए जाएं। याचिकाकर्ता का तर्क है कि आयोग के रिक्त होने से अल्पसंख्यक समुदायों के हित प्रभावित हो रहे हैं। इस याचिका के परिणामस्वरूप, अदालत उत्तर प्रदेश सरकार को आयोग में रिक्त पदों को भरने के लिए निर्देश दे सकती है। इससे अल्पसंख्यक समुदायों के हितों की रक्षा के लिए एक मजबूत तंत्र स्थापित होगा। यह याचिका अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों और हितों के लिए लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि अल्पसंख्यक समुदायों को उनके संवैधानिक अधिकार प्राप्त हों, इस तरह की याचिकाएं आवश्यक हैं। उत्तर प्रदेश में अल्पसंख्यक आयोग के सभी पदों के रिक्त होने से अल्पसंख्यक समुदायों के हितों की रक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती पैदा हो गई है। डॉ. शमशेर यादव जगराना द्वारा दायर की गई जनहित याचिका इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

### विश्वविद्यालय के छात्रों का कुंभ प्रस्थान हेतु कार्यक्रम का आयोजन

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**




लखनऊ। विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण कुंभ मित्र के रूप में नामित छात्रों को संकायाध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार और पर्यावरण नोडल ऑफिसर डॉ. हेमेंद्र कुमार सिंह द्वारा %एक थाली- एक थैला% अभियान के तहत प्रयागराज प्रस्थान हेतु हरी झंडी दिखाई गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और मां गंगा के घाटों को स्वच्छ बनाए रखने हेतु पर्यावरण कुंभ मित्र के रूप में छात्रों का योगदान प्राप्त करना है। कुंभ मेले में पर्यावरण संरक्षण एक महत्वपूर्ण विषय है, और इस बार कई पहल की जा रही हैं जो पर्यावरण को बचाने के लिए आवश्यक हैं। कुंभ मेले में पर्यावरण संरक्षण के कुछ प्रमुख प्रयासों में प्लास्टिक का उपयोग कम करने के लिए कपड़े की थैलियों और मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा, जल संचयन और पुनर्चक्रण प्रणाली की स्थापना, ऊर्जा की बचत के लिए एलईडी बल्बों और सौर ऊर्जा पैनलों का उपयोग, और अपशिष्ट प्रबंधन के उपायों पर भी जोर दिया जा रहा है। इन सभी प्रयासों से कुंभ मेले को स्वच्छ और हरित आयोजन बनाने का लक्ष्य है। पर्यावरण कुंभ मित्र के रूप में नामित छात्रों में सिकंदर कुमार, सौरभ कुमार गुप्ता, समर सिंह यादव, आकाश यादव, आदर्श कुमार सिंह, आर्यन शर्मा, गौरव यादव आदि शामिल हैं, जो इस पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान करेंगे।

### पार्षद द्वारा गिंदनखेड़ा में 180 मीटर कच्ची सड़क निर्माण कार्य का किया गया शिलान्यास

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर क्षेत्र में शुक्रवार को गिंदनखेड़ा में लगभग 16 लाख रुपये की लागत से 180 मीटर लंबी कच्ची सड़क का शिलान्यास किया गया। पार्षद गीता देवी ने बताया कि यह सड़क कई सालों से निर्माण के लिए लंबित थी, जिसके कारण क्षेत्रवासियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह महापौर सुषमा खर्कवाल विधायक डॉक्टर राजेश्वर सिंह पूर्व सांसद कौशल किशोर नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के आशीर्वाद से शुक्रवार को शिलान्यास हो पाया है। इस अवसर पर पार्षद गीता देवी गुप्ता ने शिलान्यास किया और उन्होंने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सड़क क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सड़क के निर्माण से न केवल यातायात की स्थिति में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्रवासियों को आने-जाने में भी राहत मिलेगी। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता जी भी उपस्थित रहे कई क्षेत्रवासी भी उपस्थित थे, जिनमें रंजीत यादव दीपक यादव राकेश यादव विनीत यादवश्री प्रकाश तिवारी राजू यादव राज कुमार यादव अभिषेक लल्लन पवन और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# ट्रैफिक नियमों का पालन कठोरता से कराएं : मंडलायुक्त

**● ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए अधिकारियों को दिये कड़े निर्देश**




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। बैठक का आयोजन स्मार्ट सिटी कार्यालय सभागार में हुआ। बैठक में पीडब्ल्यूडी, आरटीओ व पुलिस के जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने अफसरों से कहा कि यातायात व्यवस्था को सुगम और सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जरूरी प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन कठोरता से कराया जाए। अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं ट्रैफिक नियम की अनदेखी से होती हैं। लिहाजा दोपहिया वाहन चालक हेलमेट पहनकर ही सड़क पर बाइक चलाएं। यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि जरूरत के दृष्टिगत ब्लैक टॉप बढ़ाने का कार्य, डिवाइडर बनाने को प्राथमिकता दी जाए। पुलिस पेट्रोलिंग हॉटस्पॉट वाले एरिया में नियमित रूप से की जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि सभी जनपदों में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के जारी कार्यवृत्त में विशेष रूप से ब्लैक स्पॉट्स का चिन्हांकन करके आवश्यक कार्रवाई की जाए। अभी तक क्या कार्रवाई की गई है, इसकी जानकारी भी कमिश्नर ने अधिकारियों से ली। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में ब्लैक स्पॉट का चिन्हीकरण जनपद के आरटीओ, ट्रैफिक पुलिस, लोक निर्माण विभाग व स्थानीय प्रशासन द्वारा करा लिया गया है। ब्लैक स्पॉट के सही चिन्हांकन के पश्चात उसके निदान के लिए टीम लगाना है, सड़क चौड़ीकरण, अतिक्रमण हटाना, सड़क की मरम्मत करना, डिवाइडरों का निर्माण, स्ट्रीट लाइट लगवाना, ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था आदि का विवरण तैयार कर एक कार्य योजना के तहत किया जा रहा है। मंडलायुक्त ने कार्य योजना के अनुसार सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को ब्लैक स्पॉट के निदान हेतु निर्देशित किया 7

# महिला को लिफ्ट देना बाइक सवार को पड़ा महंगा,जेब से निकाले पैसे चाकू निकाल कर जान से मारने की दी धमकी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बंथरा क्षेत्र से गुरुवार शाम जबरन लिफ्ट लेकर बाईक पर सवार हुई अज्ञात महिला सरोजनीनगर क्षेत्र में पहुंचते ही एक वैद्य की जेब से हजारों की नगदी ले उड़ी। वैद्य उसे पकड़ने दौड़ा तो महिला चाकू मारने की धमकी देते नौ दो ग्यारह हो गयी। राजधानी लखनऊ के निगोहा स्थित भटपुरा गांव निवासी 43 वर्षीय उमेश कुमार यादव वैद्य का काम करते हैं। उमेश का कहना है कि गुरुवार को वह बंथरा में एक मरीज को देखकर शाम करीब 6 बजे दूसरा मरीज देखने बाइक से आलमबाग जा रहे थे। इस बीच उन्होंने बंथरा थाना स्थित सरोज पाइप कम्पनी के पास एक होटल पर चाय पी और वहां से चलने लगे। तभी वहां मौजूद करीब 45 वर्षीय अज्ञात महिला ने खुद को परेशानी में होने की बात कहते थोड़ी दूर आगे तक जाने के लिए लिफ्ट मांगी। हालाकि उमेश का कहना है कि उन्होंने उसे बिठाने से मना कर दिया। लेकिन महिला जबरन उनकी बाइक पर बैठ गयी। पर महिला होने के कारण उमेश उससे कुछ नहीं बोल सके और उसे लेकर चल दिए। उमेश ने बताया कि वहां से करीब 3 किलोमीटर आगे चलने के बाद सरोजनी नगर में स्कूटर इंडिया पेट्रोल पंप से पहले सुनसान जगह पर पहुंचते ही महिला ने उन्हें रुकवा लिया। उमेश ने जैसे ही बाइक रोकी, तभी उक्त महिला ने उमेश की पैंट की जेब में रखे 8900 रुपये निकाल लिए। इस घटना से उमेश के होश उड़ गए और गाड़ी खड़ी कर वह महिला को पकड़ने दौड़े। लेकिन महिला ने चाकू निकाल लिया और उमेश को आगे बढ़ने पर चाकू मारने की धमकी दी। जिससे उमेश डर कर चुपचाप खड़े हो गए। इसी बीच महिला चाकू लहराते हुए सड़क पार कर वहां से रफू चक्कर हो गई। उमेश का कहना है कि मामले की तहरीर सरोजनी नगर में दे दी है। वहीं सरोजनी नगर पुलिस ने ऐसी किसी सूचना से इनकार किया है। पुलिस का कहना है कि अगर ऐसी कोई तहरीर मिली तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एमओयू साइबर फ्रॉड, साइबर सिक्योरिटी के प्रकरणों में बेहतर सहयोग मिल सकेगा : प्रशान्त कुमार, पुलिस महानिदेशक

**➤ विशेष तकनीकी प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम या कार्यशालाएं आयोजित करेगेः डॉ. जी.के. गोस्वामी, संस्थापक निदेशक**



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ । मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ से प्राप्त निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइन्स, लखनऊ में शुक्रवार को विश्व स्तरीय कम्पनी जेस्लर सॉफ्टेक्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से संस्थान में एमओयू हस्ताक्षरित किया गया । यह एमओयू यूपीएसआईएफएस एवं जेस्लर के मध्य संस्थापक निदेशक, डॉ. जी.के. गोस्वामी, आईपीएस एवं वाइस प्रेसिडेंट, जेस्लर सॉफ्टेक्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, विशाल गौतम ने हस्ताक्षरित किया । संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी ने बताया कि एमओयू कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रशान्त कुमार, आईपीएस, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. थे, जिनकी गरिमामयी आनलाइन उपस्थिति में यह एमओयू हस्ताक्षरित किया गया । पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. आज महाकुम्भ के दौरे पर जनपद प्रयागराज में व्यस्त थे, किन्तु इस एमओयू की महत्ता के दृष्टिगत उन्होंने आनलाइन जुड़कर जेस्लर सॉफ्टेक्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं यूपीएसआईएफएस के पदाधिकारियों, छात्र-छात्राओं को सम्बोधित कर अपना आशीर्वचन प्रदान किया । पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने इस अवसर पर कहा कि यह एमओयू हमारे लिए अतिमहत्वपूर्ण है, इससे हमें साइबर फ्रॉड, साइबर सिक्योरिटी के प्रकरणों में बेहतर सहयोग मिल सकेगा । उन्होंने कहा कि इस संस्थान का नींव गृह मंत्री, भारत सरकार द्वारा इसी नियत के साथ रखा गया था, जिस परिकल्पना को इस संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी को फलीभूत कर रहे हैं । पूर्व में भी इस संस्थान द्वारा देश के महत्वपूर्ण संस्थाओं से एमओयू किये हैं, जिसका लाभ पूरे प्रदेश को मिल रहा है । हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि यह संस्थान जेस्लर सॉफ्टेक्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ सहभागिता करके मील का पत्थर साबित होगा । इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी ने कहा कि जेस्लर सॉफ्टेक्ट मालवेयर सुरक्षा, फिशिंग, मालवेयर, थ्रेड, एवं साइबर अटैक इत्यादि के समाधान हेतु एक अग्रणी साइबर सुरक्षा सम्बन्धित संस्थान है । एमओयू में स्पष्ट किया गया कि यूपीएसआईएफएस परिसर में, जेस्लर सॉफ्टेक्ट इस क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों पर काम करने और सामाजिक और उद्योग प्रासंगिक समाधान विकसित करने के लिए साइबर सुरक्षा में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित कर सकता है। डॉ. गोस्वामी ने यह भी कहा कि दोनों पक्ष संयुक्त रूप से आपसी हित के विषयों पर विशेष तकनीकी प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम या कार्यशालाएं आयोजित कर सकते हैं तथा नवीनतम उपकरणों और प्रौद्योगिकियों पर सेमिनार, सम्मेलन, कार्यशालाओं आदि के लिए संयुक्त आयोजन भी कर सकेंगे । उन्होंने कहा कि यूपीएसआईएफएस एवं जेस्लर सॉफ्टेक्ट आपसी सहभागिता करके अनुसंधान क्षमता, प्रौद्योगिकी, अनुप्रयुक्त विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे, कंप्यूटर विजन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा, उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स, वीएलएसआई, आदि में विशेषज्ञता, और तकनीकी परिसंपत्तियों और वरिष्ठ प्रबंधन निरीक्षण के विकास के लिए कानूनी अनुपालन के संदर्भ में विशेषज्ञता सम्बन्धित कार्य भी किये जायेंगे । जेस्लर सॉफ्टेक्ट के वाइस प्रेसिडेंट, विशाल गौतम ने कहा कि मैं आज इस अवसर को गौरवपूर्ण महसूस कर रहा हूँ कि प्रदेश सरकार के एक महत्वपूर्ण संस्थान से हमने आज एमओयू स्थापित किया । मेरी कम्पनी विश्व में क्लाउड प्लेटफार्म की एक बड़ी कम्पनी है। हम पूरे विश्व में प्रतिदिन 12 से 13 करोड़ साइबर अटैक को ब्लाक कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से इस संस्थान के साथ जुड़कर सहोयगात्मक रवैये के साथ एमओयू की शर्तो को पूर्ण करेंगे । इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी एवं संस्थान के अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने विशाल गौतम, जेस्लर सॉफ्टेक्ट वाइस प्रेसिडेंट तथा अभीर नाईक, जेस्लर सॉफ्टेक्ट, ग्लोबल हेड को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर संस्थान के समस्त डीन, प्रोफेसर, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, सहायक कुलसचिव चन्द्रमोहन सिंह एवं श्रुति दासगुप्ता तथा प्रशासनिक अधिकारी अतुल कुमार यादव, जनसम्पर्क अधिकारी सन्तोष कुमार तिवारी सहित संस्थान के आरआई बृजेश सिंह भी मौजूद रहे ।

# संपादकीय

## ऑनलाइन झूठ को बढ़ावा

संयुक्त राज्य अमेरिका में निरंकुश व दक्षिणपंथी रुझान के अगुवा डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी से पहले की जा रही उग्र बयानबाजी से पूरी दुनिया में हलचल है। अब चाहे कनाडा को अमेरिका में मिलाने का उनका दावा हो या ग्रीनलैंड व पनामा नहर पर प्रभुत्व का बयान। लेकिन शेष दुनिया के लिये चिंता की बात यह है कि निष्पक्ष वैचारिक स्वतंत्रता के पक्षधर होने का दावा कर रहे अमेरिका संचालित बहुचर्चित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी ट्रंप के निरंकुश व्यवहार से गहरे तक प्रभावित हो रहे हैं। लंबे समय तक ट्रंप से वैचारिक टकराव मोल लेने वाले अमेरिका से संचालित मेटा ने ट्रंप की ताजपोशी से ठीक पहले अपनी नीति में बड़ा बदलाव किया है। मेटा ने अपने उस तथ्य जांच कार्यक्रम से हाथ खींचने का फैसला किया है जो ऑनलाइन गलत सूचनाओं और दुष्प्रचार को नियंत्रित करने का एक महत्वपूर्ण साधन था। निश्चित रूप से सूचना की विश्वसनीयता के लिये निर्धारित व्यवस्था के खत्म होने से ऑनलाइन झूठ व दुष्प्रचार के खिलाफ वैश्विक अभियान को झटका लगेगा। निश्चित तौर पर यह नाटकीय बदलाव वर्ष 2016 में सोशल मीडिया दिग्गज द्वारा शुरू किए स्वतंत्र थर्ड पार्टी तथ्य जांच कार्यक्रम के अंत का प्रतीक है। यह महज संयोग नहीं हो सकता है कि यह निर्णय अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाले डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी से ठीक पहले आया है। ट्रंप मेटा के मुखर आलोचक रहे हैं। ट्रंप आरोप लगाते रहे हैं कि सोशल मीडिया पर दक्षिणपंथी आवाज को सेंसर किया जाता रहा है। वहीं मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग का कहना है कि उनके इस निर्णय की मुख्य प्रेरणा मुक्त अभिव्यक्ति को प्रश्रय देना है। उनकी इस दलील से कतई सहमत नहीं हुआ जा सकता। दरअसल, अमेरिका में दक्षिणपंथी रुझानों वाला ऐसा वर्ग भी है जो सोशल मीडिया पर सूचना सामग्री में किसी भी हस्तक्षेप का विरोध करता है। जिसके चलते फर्जी खबरों के कारण विवादों की श्रृंखला को जन्म मिल सकता है। बहरहाल, आशंका जतायी जा रही है कि तथ्यों की जांच की व्यवस्था समाप्त करने से झूठ और अफवाहों का तंत्र कालांतर कानून व्यवस्था के लिये भी बड़ी चुनौती बन सकता है। जिससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की सूचनाओं की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठेंगे। मेटा के इस कदम के बाद अन्य सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म भी दबाव में ऐसे कदम उठा सकते हैं। वैसे राष्ट्रपति का पद संभालने जा रहे ट्रंप से खराब रिश्ते सुधारने हेतु मार्क जुकरबर्ग का कदम व्यावसायिक दृष्टि से तो समझ में आ सकता है, लेकिन सोशल मीडिया पर सूचनाओं की दृष्टि से यह एक गैरजिम्मेदार कदम है। जो दुनिया में विश्वसनीयता व सूचना अखंडता के लिये अच्छा संकेत नहीं है। विडंबना ही है कि सूचना सामग्री को मॉडरेट करने के लिये पेशेवर तथ्य-जांचकर्ताओं पर भरोसा करने के बजाय मेटा एक्स के रास्ते पर जा रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण ही है। पहले जांच-पड़ताल करके दी जाने वाली पोस्ट पाठकों व दर्शकों का भरोसा जगाती थी कि सूचना सामग्री विश्वसनीय है। लेकिन अब इस नियमन में ढील के निहितार्थों को लेकर गंभीर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। आशंका है कि अब फेसबुक, इंस्टाग्राम व थ्रेड्स पर गलत सूचनाओं को नियंत्रित करना संभव नहीं हो पाएगा। जिससे ऑनलाइन झूठ को बढ़ावा मिल सकता है। खासकर भारत के संदर्भ में देखें तो नफरत फैलाने वाले भाषण न केवल लोगों तक विश्वसनीय जानकारी की पहुंच को कमजोर कर सकते हैं बल्कि लोगों की राजनीतिक नेताओं का सामना करने की क्षमता को भी कमजोर कर सकते हैं। हम विगत में देखते रहे हैं कि 'व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी' की धारणा लगातार गलत तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत करती रही है। इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करती है। जो सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को खुली छूट देने के नुकसान को ही दर्शाती है। यदि झूठ की जहरीली बाढ़ को कम नहीं किया गया तो इसका समाज पर घातक असर पड़ सकता है। ऐसे में सामाजिक समरसता व शांति के लिये अधिक तथ्य जांचकर्ताओं की आवश्यकता महसूस की जा रही है। निश्चय ही जांच की व्यवस्था न होने का मतलब है शून्य जवाबदेही और झूठ व गलत सूचना फैलाने का खुला निमंत्रण।

## वायु प्रदूषण की चिंता

दिल्ली एनसीआर सहित देश में वायु की दिन-प्रतिदिन गिरती गुणवत्ता गंभीर समस्या बन चुकी है। कहीं यह मौत की हवा न सिद्ध हो, इसलिए इस दिशा में चिंतन जरूरी है। निरंतर वायु की गुणवत्ता गंभीर स्तर पर बढने लगी है जिससे मृत्यु की दर के आंकड़े भयभीत कर रहे हैं। देश में वायु प्रदूषण की समस्या इस कदर भयावह हो गई है कि इसकी वजह से मृत्यु दर में वृद्धि होने लगी है। लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन ने आंकड़ों के माध्यम से जो तस्वीर पेश की है, वो सोचने को मजबूर कर रही है। इसके अनुसार दिल्ली सहित देश के 10 शहरों में प्रतिवर्ष हवा में पीएम-2.5 के कणों की अधिकता के कारण लगभग 33000 लोगों की मौत हो रही है। इसमें सिर्फ दिल्ली में ही 12 हजार लोगों की जान जा रही है, जो प्रति वर्ष होने वाली कुल मौतों का 11.5 प्रतिशत है। राजधानी में 100 में से 12 लोगों की मौत खराब हवा के कारण होती है। वाराणसी में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतें 10 प्रतिशत से अधिक हैं। कोलकाता में 7.3, पुणे में 5.9, अहमदाबाद, मुंबई और हैदराबाद में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतें 5.6 प्रतिशत हैं। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला जैसी जगह पर यह 3.7 प्रतिशत है। भारत के स्वच्छ वायु मानदंड विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के 15 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर के मानक से चार गुना अधिक हैं। देश के कई क्षेत्रों की हवा जहरीली होती जा रही है। दिल्ली वालों का दम तो घुट ही गया है, बल्कि साथ में कई अन्य शहर भी इसकी चपेट में हैं। दिल्ली में तो इसका ठीकरा पंजाब, हरियाणा, यूपी की पराली पर फोड़ दिया जाता है कि उसका धुंआ इधर आता है, मगर सर्वेक्षण में पराली तो केवल 10 फीसदी योगदान देती है, शेष 90 फीसदी के लिए जिम्मेवार कौन है, यह सबसे बड़ा प्रश्न है। सरकारें बारिश होकर व हवा के साथ उड़ जाने से स्वयं स्थिति सामान्य होने का इंतजार कर रही हैं। क्या अपने स्तर पर कोई प्रयास संभव नहीं है, जो लोगों को दम घुटती इस स्थिति से बाहर निकाल सके। दिल्ली-एनसीआर का वायु प्रदूषण अब न केवल स्थानीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता का कारण बन गया है। हाल ही में अजरबैजान की राजधानी बाकू में आयोजित सीओपी-29 समिट में दिल्ली की जहरीली हवा और उसके खतरनाक प्रभावों पर गंभीर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने इसे न केवल स्वास्थ्य, बल्कि पर्यावरणीय आपातकाल घोषित किया। दिल्ली-एनसीआर के हालात बद से बदतर हो चुके हैं। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर स्तर पर पहुंच गया है जिसमें कुछ क्षेत्रों में यह 500 से भी अधिक हो गया है। विशेषज्ञों के अनुसार प्रदूषण के कारण कई इलाकों में विजिबिलिटी कम हो गई है और शहर गैस चैंबर में तब्दील हो चुका है। डॉक्टर्स और वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि दिल्ली का बढ़ता वायु प्रदूषण अस्थमा, हृदय रोग, फेफड़ों के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों को बढ़ावा दे रहा है। हर सांस के साथ जहरीले कण शरीर में प्रवेश कर रहे हैं, जो विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डाल रहे हैं। सीओपी-29 समिट में दिल्ली के प्रदूषण का मुद्दा प्रमुख रहा। पर्यावरण मंत्रालय को दम घुटती जहरीली हवाओं से देशवासियों को बचाने के लिए उपाय खोजने होंगे, नहीं तो यह विश्व में भारत की बढ़ती धाक पर एक धब्बे के रूप में स्पष्ट देखने को मिलेगा। कई देशों ने ऐसी समस्याओं का इलाज किया है। उस तकनीक का भारत क्यों नहीं समझता?

# यह मुकेश की नहीं, बस्तर की पोस्टमॉर्टेम रिपोर्ट है







**आलेख ~ बादल सरोज**

'सिर पर 15 फ्रैक्चर्स, लीवर के 4 टुकड़े, दिल फटा हुआ, 5 पसलियां, कॉलर बोन और गर्दन टूटी हुई, बांयी कलाई पर गहरा जख्म ; शरीर का एक भी हिस्सा ऐसा नहीं था, जिस पर चोट के निशान न हों।' यह बस्तर के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की पोस्टमॉर्टेम रिपोर्ट में दर्ज किया गया ब्यौरा है। शव-परीक्षण करने वाले डॉक्टर्स का कहना था कि उन्होंने अपने पूरे जीवन में इतनी अधिक निर्ममता से की गयी हत्या नहीं देखी, जितनी निर्ममता से इन्हें मारा गया है। मुकेश बस्तर के बीजापुर को केंद्र बनाकर पत्रकारिता करते थे। %बस्तर जंक्शन% के नाम से उनका अपना यूट्यूब चैनल था, जिसके कोई पौने दो लाख सब्सक्राइबर्स थे। मुकेश की तरह यह चैनल भी विश्वसनीयता और निडरता, संजीदगी और तथ्यपरकता के लिए जाना जाता था। इस चैनल को देखने वाले सोच भी नहीं सकते थे कि इसका सम्पादक, रिपोर्टर, कैमरापर्सन, वीडियो एडिटर, डिजाइनर, टेक्नीशियन सब कुछ 33 वर्ष का एक अत्यंत धुनी और ऊर्जावान युवा है, जो सुदूर बस्तर के भी बस्तर माने जाने वाले बीजापुर के एक कमरे में बैठकर ख़बरें तैयार कर रहा है। उनकी खबरें सचमुच की न्यूज़ होती थी, -- टेबल पर बैठकर कट पेस्ट की गयी, इधर उधर की क्लिप्स उठाकर बनाई गयी नहीं, मौके पर जाकर शूट की गयी, संबंधितों से सीधे बात करके संकलित और एकदम चुस्त संपादित कैप्सूल होती थी। इस ताजगी की वजह उनकी प्रामाणिकता और स्वीकार्यता थी ; वे धड़ल्ले से उस घने जंगल में उनके बीच भी जाकर इंटरव्यूज और बाइट ले सकते थे, जिनके बीच एसपीजी और ब्लैककैट सुरक्षा वाले नेता या अफसर जाने की सोच भी नहीं सकते। उतनी ही बेबाकी से प्रशासन से भी उसका पक्ष जान लेते थे। सीआरपीएफ के एक जवान को माओवादियों से छुड़ाकर वापस भी ला सकते थे और सत्ता और माओवादियों की हिंसा के बीच पिस रहे आदिवासियों के दर्दों को भी दिखा सकते थे द्य। बस्तर के मामले में वे दिल्ली, कोलकता, चेन्नई सहित देश भर के सभी मीडिया संस्थानों और नामी पत्रकारों के भरोसेमंद स्रोत थे। एक ऐसे स्ट्रिंगर, जिनका न नाम कहीं लिखा जाता था, न उनके काम का कोई दाम ही उन्हें मिल पाता था। एक ठेकेदार ने उन्हें क़त्ल कर दिया ; नई साल की शाम लैपटॉप पर बैठने से पहले कुछ ताज़ी हवा लेने सिर्फ टी-शर्ट और शॉर्ट्स में जॉगिंग के लिए निकले थे, ठेकेदार ने उन्हें उठा लिया और निर्ममता के साथ मार डाला। तीन दिन बाद खुद पत्रकारों और उनके पत्रकार भाई यूकेश की पहल पर उनकी देह बरामद हुई। उनके लैपटॉप पर मिली उनकी आखिरी लोकेशन के आधार पर उनके पत्रकार भाई बाकी पत्रकारों के साथ ठेकेदार के ठीये तक पहुंचे। एक ताजे सीमेंट से चिने गए सैप्टिक टैंक में उनकी क्षत-विक्षत लाश मिली। पत्रकारों द्वारा बार-बार कहे जाने के बावजूद मौके पर मौजूदा पुलिस का एसपी उस सैप्टिक टैंक को खोलने के लिए राजी नही था, पत्रकारों और परिजनों ने खुद फावड़े उठाकर उसे खोला और मुकेश की देह उसमे तैरती मिली। जिस ठेकेदार के फार्म हाउस के सेप्टिक टैंक से यह लाश मिली है, वह कोई 132 करोड़ रूपये का मालिक बताया जाता है – इलाके का सबसे बड़ा ठेकेदार है। कुछ बरस पहले तक बावर्ची का काम करने वाले ये दोनों ठेकेदार भाई सुरेश और रीतेश चंद्राकर इतने बड़े वाले हैं कि दारिद्र्य बहुल बस्तर में उनके यहाँ जब शादी होती है, तो उसमें घोड़ी या बीएमडब्लू नहीं आती, हैलीकोप्टर आता है। निडर पत्रकार मुकेश चन्द्राकर ने ऐसी ही एक शादी की खबर कुछ साल पहले कवर की थी ; उनके पोर्टल बस्तर जंक्शन पर मिल जायेगी। मुकेश की ताज़ी रिपोर्ट, जिसे 25 दिसम्बर को एनडीटीवी ने प्रमुखता से दिखाया था, उस भ्रष्टाचार की थी, जिसमें इस ठेकेदार को 56 करोड़ की सड़क बनाने के ठेके को बिना किसी वजह के 120 करोड़ किये जाने और उसके बाद कोई सौ करोड़ का भुगतान एक ऐसी सड़क के लिए कर दिए जाने का मामला था, जो बनी ही नहीं थी, जितनी बनी बताई गयी थी, वह और भले कुछ भी हो, सड़क तो नहीं ही थी। यह निर्मम हत्या और उसके बाद हुए पोस्टमोर्टम की रिपोर्ट पत्रकार की हत्या या पोस्टमॉर्टेम रिपोर्ट नहीं है, यह धीरे-धीरे मौत के घाट उतारे जा रहे बस्तर की पोस्टमोर्टेम रिपोर्ट है। उनके चैनल के नाम की तरह बस्तर सचमुच में एक जंक्शन बना हुआ है। एक ऐसा जंक्शन, जहां के सारे मार्ग वहाँ के आदिवासियों और नागरिको के लिए बंद हैं। माओवाद का हौवा खडा करके लोकतंत्र की तरफ जाने वाली पटरियां इतने लम्बे समय से ब्लॉक हैं कि उन पर खाकी और हरी वर्दियों की खरपतवार दीवारें बनकर तन चुकी है। कानून के राज की तरफ जाने वाली पटरियां उखाड़ी जा चुकी हैं। संविधान नाम की चिड़िया बस्तर से खदेड़ी जा चुकी है। अब सिर्फ एक ही तरफ की लाइन चालू है ~ आदिवासियों की लूट, महिलाओं के साथ अनाचार की अति और जुल्म तथा अत्याचार की पराकाष्ठा की कालिख में डूबी पटरी वाली लाइन। यह एक ऐसी पटरी है, जिस पर सिर्फ अडानी जैसे कारपोरेट की आवाजाही हो, यह सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली और रायपुर की सरकारें मनुष्यता और सभ्यता का हर मानदंड तोड़ने के लिए हाजिर हैं। ये धनपिशाच बस्तर की जमीन पर उगे घने और अनोखे जंगल, उसके नीचे दबे अनमोल खनिजों को हड़प सकें, उसके खिलाफ आवाज उठाने वालों को बेहिचक क़त्ल कर सकें, इसके लिए कितना भी नीचा गिरने के लिए तत्पर हैं। यह काम वर्दी और बिना वर्दी के किया जाता रहा है। इतने पर भी सब्र नही होता, तो नकली पुलिस के असली शिकंजे कसे जाते रहते हैं। जिस ठेकेदार के फ़ार्म हाउस से मुकेश चन्द्राकर मिले हैं, वह ऐसी ही फर्जी, दमनकारी और असंवैधानिक गुंडा वाहिनी सलवा जुडम का एसपीओ – विशेष पुलिस अधिकारी – रह चुका था। ये गिरोह क्या करता रहा होगा, इसकी जीती जागती मिसाल है इसकी कमाई और बर्बरता। इस हत्यारे को आज भी पुलिस सुरक्षा मिली है – यहाँ का एसपी इसके अस्तबल में बंधा है, इतनी वफ़ादारी के साथ कि उस सैप्टिक टैंक को भी खोलने को राजी नहीं था, जिसमे बाद में लाश बरामद हुई। मगर यह सिर्फ अफसरों तक सीमित बात नहीं है, हत्यारा ठेकेदार भाजपा से जुड़ा है ; इससे पहले वह कांग्रेस में भी रहा है। दिल्ली से रायपुर तक कितनी भी नूरा कुश्ती हो ले, बस्तर में मलाई में साझेदारी पूरी है। निहित स्वार्थ इतने गाढ़े हैं कि सरकार तिरंगी हो या दोरंगी, न पत्रकारों की सुरक्षा का क़ानून बनता है, न अडानी-अम्बानी के लिए आदिवासियों को रौंदा जाना रुकता है। आंदोलनों के बाद दो साल पहले बमुश्किल बना पत्रकारों की रक्षा का आधा-अधूरा कानून अभी भी लागू होने की तारीख के इन्तजार में है। इसमें बड़ा और बड़े होते हुए कारपोरेट बना या उसका सगा मीडिया भी कम शरीके जुर्म नहीं है। 1 जनवरी, ठीक जिस दिन मुकेश की हत्या हुई, उस दिन खुद को सकल ब्रह्मांड का सबसे बड़ा अखबार मानने वाले %दैनिक भास्कर% ने एक पूरे पेज की खबर छापी और इस ठेकेदार को बस्तर का भाग्यविधाता, निर्माता और न जाने क्या-क्या साबित कर मारा। दाम लेकर इधर इनने पत्रकारिता दफन की, उधर भ्रष्टों का हौंसला इत्ता बढ़ा दिया कि उसी शाम उन्होंने मुकेश को मारकर दफ़न कर दिया। पीत पत्रकारिता और पतित पत्रकारिता पहले दो अलग अलग चीजें हुआ करती थीं। आजकल वर्चस्व बनाए बैठे मीडिया संस्थानों ने इनका यौगिक बना दिया है। बस्तर मकतल बना हुआ है। जब पत्रकारों की यह दुर्दशा है, तो आदिवासियों की स्थिति की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती। दक्षिण बस्तर, खासकर बीजापुर और उसके आगे उनके गाँवों और बसाहटों की ओर जाने वाली सड़कों पर हर ढाई किलोमीटर पर सीआरपीएफ कैम्प पुलिस छावनियां और थानों का जाल बिछा हुआ है। ये क्या करते है? किसके लिए तैनात रहते हैं? इसके अनगिनत उदाहरण हैं, यहाँ सिर्फ तीन पर ही निगाह डाल लेते हैं। पहला सिलगेर है। सिलगेर बस्तर का अब तक का सबसे बड़ा, लंबा और पूरी तरह शांतिपूर्ण आदोलन है, जो साढ़े तीन साल से चल रहा है। 11 मई 2021 की रात को बगैर ग्रामीणों की सहमति के एक सीआरपीएफ कैंप बना दिया गया, जो अनुसूचित क्षेत्रों के लिए पंचायत विस्तार अधिनियम (पेसा) 1996 के तहत पूरी तरह अवैध था। इसके विरोध में बीजापुर के नजदीक सुकमा जिले के सिलगेर में कोई 20 हजार आदिवासी स्त्री-पुरुष इकट्ठा हुए थे। पहाड़ियों पर दूर-दूर बसे, किसी भी तरह के आधुनिक परिवहन से वंचित छोटे गाँवों के हिसाब से यह संख्या बहुत ज्यादा थी। आदिवासी यह मांग करने के लिए इकट्ठा हुए थे कि हर ढाई किलोमीटर पर सीआरपीएफ कैम्प-पुलिस छावनियां और थानों का जाल बिछाने के बजाय हर ढाई किलोमीटर पर स्कूल और अस्पताल बनाने चाहिए, ताकि मलेरिया और कुपोषण जैसी टाली जा सकने वाली हजारों मौतों से आदिवासियों को बचाया जा सके। उनकी संतानें पढ़-लिख सकें। बस्तर की खनिज और वन संपदा का निर्दयता से दोहन करने और बस्तर को आदिवासी और परम्परागत वनवासी विहीन बनाने के लिए फोर-सिक्स लेन हाईवे की बजाय उनके गाँवों तक छोटी सड़कें बिछाई जाएँ। मगर बजाय उनकी सुनने के, बिना किसी वजह के सीआरपीएफ आयी और उसने चार आदिवासी मार डाले। इनमे चार युवा उयका पांडु, कोवासी वागा, उरसा भीमा, मिडियम मासा, गर्भवती युवती पूनेम सोमली और उसका गर्भस्थ शिशु शामिल था। धरना चलते-चलते जब कोई दो साल गुजर गए तब जाकर, तब की भूपेश बघेल के मुख्यमंत्रित्व वाली कांग्रेस सरकार ने 9 विधायकों और एक सांसद का दल चर्चा के लिए भेजा। आदिवासियों ने अपनी व्यथा सुनाई, मांगे दोहराईं। दल ने उनसे वादा किया कि वे मुख्यमंत्री से इन पर कार्यवाहियां करवायेगे। दल रायपुर लौट आया, भूपेश बघेल भूतपूर्व हो गये, आदिवासी आज भी इन्तजार में बैठे हैं। दूसरा सारकेगुड़ा हत्याकाण्ड है। 28 जून 2012 की रात सुरक्षाबलों ने बीजापुर जिले के सारकेगुड़ा गांव में 17 आदिवासी ग्रामीणों को माओवादी बताकर गोलियों से भून डाला था। इस दौरान गांव वालों की ओर से किसी प्रकार की गोलीबारी नहीं की गई थी। ग्रामीणों के मुताबिक मारे गए लोग नक्सली नहीं थे, वे अपना पारंपरिक त्योहार बीज पंडुम मना रहे थे। इन मौतों को लेकर तत्कालीन राज्य सरकार ने एक सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया था। इस एक सदस्यीय जांच आयोग के अध्यक्ष जस्टिस विजय कुमार अग्रवाल बनाए गए। करीब सात साल की सुनवाई के बाद यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी गई। इस रिपोर्ट के मुताबिक भी मारे गए लोग नक्सली नहीं थे, सभी बेकसूर ग्रामीण आदिवासी थे। उन्हें पुलिस बलों ने बिना किसी उकसावे या वजह के यूं ही मार डाला था। जब हत्याएं हुई, तब भाजपा सरकार थी, रिपोर्ट आई तब कांग्रेस थी, अब फिर भाजपा राज में हैं ; जांच रिपोर्ट के आधार पर कोई कार्यवाही न तब हुई, न अब हो रही है। तीसरा उदाहरण एडसमेटा का है। इसी तरह का हत्याकांड 17-18 मई 2013 की रात में बीजापुर के एडसमेटा गांव में हुआ। यहां भी ग्रामीण आदिवासी त्यौहार बीज पंडुम मनाने के लिए जुटे हुए थे। तभी नक्सल ऑपरेशन में निकले जवानों ने ग्रामीणों को नक्सली समझ कर गोलीबारी कर दी थी। इस गोलीबारी में चार नाबालिग समेत कुल आठ लोग मारे गए थे। इसकी जांच के लिए बनी मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति वीके अग्रवाल की कमेटी ने इस हास्यास्पद तर्क कि यह घटना सुरक्षा बलों द्वारा ग्राम एडसमेटा के समीप आग के इर्द—गिर्द एकत्रित हुए व्यक्तियों को देखने के बाद उन्हें संभवत~ गलती से नक्सली संगठन के सदस्य समझकर घबराहट की प्रतिक्रिया के कारण गोलियां चलाने से हुई है। के बाद यह भी माना कि मारे गए सभी लोग ग्रामीण थे। उनका नक्सलियों से कोई कनेक्शन नहीं था। कार्यवाही इस रिपोर्ट पर भी नहीं हुई। इस तरह की मौतें-हत्याएं कभी कम, तो कभी बड़ी संख्या में लगातार जारी हैं। माओवाद का हौआ इस तरह की ज्यादतियों और हत्याओं के लिए आड़ मुहैया कराता है, आदिवासी अवाम इन दोनों पाटों के बीच पिस रहा है। मुकेश चंद्राकर जैसे पत्रकार इसे उजागर करते है, तो मार डाले जाते हैं। अब तो अडानी बस्तर आ रहे हैं ; हसदेव तक वह पहुँच ही चुके, अब उसे पूरे का पूरा बस्तर और छत्तीसगढ़ चाहिए। आसानी के साथ ऐसा हो सके, इसके लिए मरघट की शान्ति भी चाहिए। यह सब कुछ उसी शान्ति के लिए बस्तर को मरघट में बदलने की परियोजना है। %बस्तर जंक्शन% वाले मुकेश चंद्राकर इसी शान्ति को हासिल करने का उदाहरण है ; स्थगित संविधान वह सैप्टिक टैंक था, जिसमे उनकी टूटी-फूटी देह मिली, निलंबित लोकतंत्र वह सीमेंट था, जिससे इस टैंक को सील किया गया था। वे कार्पोरेट्स के मुनाफे की एकतरफा आवाजाही वाली पटरी पर कुचल दिए गए युवा हैं। यह एक ऐसा बर्बर हत्याकाण्ड है, जिसे एक व्यक्ति, एक युवा पत्रकार तक सीमित रहकर देखना खुद को धोखा देना होगा ; यह एक पैकेज का हिस्सा है, यह पूरे बस्तर की यातना है, यह एक ऐसे घुप्प अन्धेरे का फैलना है, जिसे यदि रोका नहीं गया तो कल न छत्तीसगढ़ बचेगा, न देश।

# तब कोई नक्सलवाद नहीं बचेगा

**अरविन्द मोहन**

आम तौर से खबरों से दूर रहने वाले छत्तीसगढ़ से आजकल दो तरह की खबरें आ रही हैं जो राष्ट्रव्यापी चर्चा में दिल्ली और बिहार की चुनावी चकल्लस वाली खबरों पर भारी पड़ रही हैं। युवा और जुनूनी पत्रकार मुकेश चंद्राकर की सरकारी दुलारे ठेकेदार सुरेश चंद्राकर और उसके लोगों द्वारा हत्या कराने का मामला अगर सबको झकझोर रहा है और शासन(जिसके समर्थन के बगैर सुरेश न तो इतना बड़ा बनाता और न ऐसा दुस्साहस करता) को भी सक्रिय होने के लिए मजबूर कर रहा है, तो बस्तर में छिड़ी सुरक्षा बलों और नक्सलियों की लड़ाई ने दर्जनों जानें ले ली हैं। अब नक्सलियों की तरफ से तो जवाबी कार्रवाई होने पर ही उनकी तैयारी और मंशा की खबर आती है लेकिन शासन की तरफ से केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश सरकार के काफी सारे लोग तथा नेता इस बार की लड़ाई में नक्सलवाद की सफाई का संकल्प दोहरा चुके हैं। बीजापुर में बारूदी सुरंगों में विस्फोट कराके नक्सलियों ने स्थानीय स्तर पर तैयार दो बालों के आठ लोगों को मार दिया तब अमित शाह ने कहा हम बस्तर से नक्सलवाद समाप्त करके रहेंगे। कुछ समय पहले उन्होंने कहा था कि हम 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद मिटा देंगे। बस्तर में भी अबूझमाद के एक हिस्से को छोड़कर बाकी सभी जगह नकसलियों से जुड़ा सर्वे चल रहा है और अभी के जारी टकराव में सुरक्षा बालों ने नक्सलियों का काफी नुकसान किया था। रविवार को ही तीन दिन की भिड़ंत के बाद पांच नक्सली मारे गए थे जबकि सुरक्षा बालों का एक जवान भी शहीद हुआ था। सोमवार की बीजापुर की घटना उसका जवाब थी। गृह मंत्री के संकल्प को ठीक और जरूरी मानना चाहिए क्योंकि देश के अंदर किसी भी गैर सरकारी संगठन या व्यक्ति की हैसियत कानून और संविधान से ऊपर नहीं हो सकती। और जिस ताकत की भी जरूरत हो शासन को उसका इस्तेमाल करके ऐसी गैर संवैधानिक सत्ता को समाप्त करना चाहिए। अमित शाह लंबे समय से सरकार में हैं और उनके कार्यकाल तथा भाजपा के कुल कार्यकाल को देखें तो इस मामले में उनकी उपलब्धियां और दावों में अंतर दिखेगा। पिछले साल से बस्तर में निश्चित रूप से सरकारी प्रयास बढ़े हैं। स्थानीय लोगों को लेकर फौज बनाना और उनको सामने करके एक्शन लेना अभी तक प्रभावी रहा है और पिछले साल में 287 नक्सली मारे जा चुके हैं। दूसरी ओर सुरक्षा बलों को कम नुकसान हुआ है(92 जवान मारे गए हैं) तो सिविलियन कैजुआल्टी ( 241 मौत) बढ़ी है। इसका बढ़ना बताता है कि नक्सलियों में बौखलाहट बढ़ी है और वे निहत्थे लोगों पर अपना निशाना बना रहे हैं। दिलचस्प तथ्य यह है कि अबूझमाड़ के पास की यह घटना बारूदी सुरंगों में विस्फोट कराके अंजाम दी गई जो नक्सलियों का पुराना तरीका रहा है। अगर हम सरकार और नक्सलियों की ताकत पर नजर डालें तो यह कोई लड़ाई ही नहीं होनी चाहिए और ऐसा मुकाबला होने का दौर कब का समाप्त हों जाना चाहिए था। लेकिन बस्तर ही नहीं. देश के काफी सारे इलाकों में नक्सलियों की मौजूदगी और नेपाल से लेकर महाराष्ट्र तक के जंगल जैसे इलाकों( दंडकारण्य) को लेकर एक रेड कारीडोर बनाने का सपना पूरा करने की जिद अगर अभी भी जारी है तो इसके पीछे नक्सलवाद का राजनैतिक दर्शन जितना बड़ा कारण नहीं है उससे बड़ा कारण इन इलाकों का पिछड़ा होना है। बेरोजगारी बहुत है और आर्थिक पिछड़ापन जीवन को नरक बनाता है। फिर अगर सरकार फौज बनाती है तब और नक्सली फौज बनाते हैं तो नौजवानों की कमी नहीं रहती। मरने वाले दोनों तरफ के लोग यही बनाते हैं। सरकार की राष्ट्रभक्ति के पाठ में भी दम होता है तो नक्सली वर्ग संघर्ष और क्रांति के सपने का भी अपना नशा होता है और फिर हाथ में हथियार हो और चलाने की आजादी हो तो खुद को बादशाह समझना आसान बन जाता है। इस आधार पर इसे सिर्फलॉ एंड आर्डर की समस्या मानना भी गलत होगा और मौजूदा नीति का यह दोष है कि इसमें डायलाग वाली जगह रखी ही नहीं गई है। ग्यारह साल के मोदी राज या उससे पहले के मनमोहन राज को देखें तो देश में नक्सली समस्या काफी काम हुई है। झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र, ऑडिशा, बंगाल, आंध्र के ज्यादातर नक्सली इलाके आज शांत हो चुके हैं। बस्तर छोड़कर कहीं-कहीं उनका असर है। और यह समेटना सरकारी प्रयास के साथ संवाद या चुनावी लोकतंत्र में बढ़ती आस्था के साथ जुड़ा है। जब समस्याओं का निपटारा शांतिपूर्ण ढंग से हो जाए तो जान जोखिम में डालने की जरूरत नहीं लगती। दूसरी ओर नेपाल के प्रचंड से लेकर देश के नक्सली नेताओं का आचरण भी ऐसा हुआ है कि सामान्य बुद्धि वाले नौजवान को झूठा स्वर्ग दिखाना संभव नहीं रहा है। नक्सल आंदोलन की अपनी कमजोरियां भी साफ दिखी हैं। हिंसा के अलावा बहुत कुछ ऐसा है जिसे समझना किसी नौजवान के लिए संभव है- जैसे बड़े व्यावसायिक घरानों से याराना और पैसा वसूली। कहीं भी आधुनिक पूंजीवादी व्यवस्था पर चोट न करके पुराने सत्ता प्रतीकों(जिसमें बड़ी जाति और जमींदारी शामिल है) को निशाना बनाना सवाल पैदा करता है कि गरीबी, बदहाली, पिछड़ेपन और अशिक्षा के लिए आज मुख्य दोषी कौन है। तब बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां और सरकारों में बैठे उनके एजेंट ज्यादा दोषी दिखेंगे। कायदे से सैनिक कार्रवाई या सख्ती के साथ शिक्षा और संवाद का कार्यक्रम भी चलना चाहिए, भटके नौजवानों की वापसी और पुनर्वास का काम भी होना चाहिए। यह याद रखना होगा कि नक्सली नेताओं में सिफ प्रचंड जैसे लोग ही नहीं हुए हैं(जो सत्ता पाते ही बदल जाएं) बल्कि त्याग तपस्या वाले भी है। वे वैचारिक रूप से भटके हो सकते हैं, हिंसा के सहारे राजनैतिक-सामाजिक बदलाव का भ्रम पाले हो सकते हैं पर उनका निजी आचरण और जीवन काफी लोगों को प्रेरक भी लगा सकता है और सबसे बढ़ाकर जिन स्थितियों में नक्सलवाद जन्म लेता और पनपता है, जमीन बनाता है उसको भी समाप्त करना लक्ष्य होना चाहिए।

# संविधान गौरव अभियान के तहत हुई बैठक




**दुद्धी, सोनभद्र।** तुलसी निकेतन धर्मशाला में भाजपा द्वारा 11 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले संविधान गौरव अभियान के निमित्त बैठक की गयी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य संविधान के प्रति सम्मान और इसके महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है ।इसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक दुद्धी मण्डल स्थित तुलसी निकेतन धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ नेता सतीश श्रीवास्तव तथा दुद्धी मण्डल प्रभारी रामसुंदर निषाद ने इस अभियान के महत्व पर बात की ।उन्होंने कहा कि यह अभियान डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने और भारतीय संविधान की महत्ता को समझाने के लिए है। नगर पंचायत चेयरमैन कमलेश मोहन व भाजपा नेता रामेश्वर प्रसाद रॉय, जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ, जिला मंत्री दिलीप पांडेय, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मनोज सिंह बबलू, सुमित सोनी ने कहा कि इस अभियान के दौरान किसी भी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए। पार्टी कार्यकर्ताओं को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वे अभियान को पूरी ईमानदारी से सफल बनाएं। उन्होंने डॉ. अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के आत्मनिर्भर बनने की बात कही और इसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया ।साथ ही दुद्धी मण्डल के नवनियुक मण्डल अध्यक्ष दीपक शाह ने अभियान के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। इनमें बाबा साहब की धरोहर को सम्मानित करने के लिए शक्तिकेन्द्र स्तर पर बैठकें, गोष्ठियां, निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं शामिल हैं ।युवा मोर्चा कॉलेजों और छात्रावासों में बाबा साहब के योगदान पर जागरूकता फैलाने के लिए अभियान चलाएगा। 25 जनवरी को इस अभियान का समापन संविधान के प्रस्ताव और नीति निर्देशक तत्वों पर चर्चा के साथ होगा ।बैठक का संचालन मण्डल महामंत्री प्रेमनारायण मोनू सिंह ने किया ।इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज मिश्रा, सूरजदेव प्रसाद,नान्हू राम जितेन्द्र कुमार चन्द्रवँशी,अनिल गुप्ता, मण्डल उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल, मनोज तिवारी मण्डल महामंत्री, मनीष जायसवाल मण्डल मंत्री, गोपाल सोनी, गोरखनाथ अग्रहरी, हिमांशु चौरसिया, अंशुमान रॉय, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, मोर्चा मण्डल अध्यक्ष दीवान सिंह, राफे खान, अजय चंद्रवंशी, जगनारायण गोंड़, कोषाध्यक्ष अरुण साहनी, शक्तिकेन्द्र संयोजक अनिल कुशवाहा, राजमणी, अखिलेश, प्रदीप शर्मा, सोशल मीडिया भोलू जायसवाल, पीयूष कसेरा ,सत्यम आईटी विभाग, अनुरोध भोजवाल, सोनू जायसवाल, शनि, सभासद निरंजन गुप्ता, धीरज जायसवाल, बुथ अध्यक्ष जितेंद्र रजनीश,दीनानाथ,उदय,मनोज, धनंजय राजन,विकास मद्धेशिया विकास, सोनी ,सुभाष, कमलेश, राजेन्द्र, मन्नू गोंड़ अखिलेश,राजेश,धर्मराज, संजय, राहुल नागेंद्र,मुन्नीलाल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## सीपीयू ने ओवर स्पीड के खिलाफ अभियान चलाकर 34 चालान काटे

**काशीपुर।** ओवर स्पीड के चलते बढ़ रहे सड़क हादसों को दे5ते हुए सीपीयू ने ओवर स्पीड के खिलाफ अभियान चलाकर 34 चालान काटे। साथ ही सीपीयू ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 12 अन्य लोगों के चालान काटने की कार्रवाई की है। सीपीयू प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि ओवर स्पीड से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के मामले बढ़े हैं। इसे दे5ते हुए ओवर स्पीड में वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रें में 46 वाहनों के चालान काटने की कार्रवाई की गई। इसमें 34 वाहनों के ओवर स्पीड, दो वाहनों के रेस ड्राईविंग, एक वाहन ओवर लोडिंग जबकि चार वाहनों के बिना नंबर के मामले में चालान काटे। उन्होंने बताया कि ओवर स्पीड समेत यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## सोशल आडिट टीम द्वारा आयोजित की गई खुली बैठक



**जमालपुर, मिर्जापुर।** विकासखंड जमालपुर के ग्राम सभा भदावल पंचायत भवन पर सोशल ऑडिट निदेशालय लखनऊ के आदेश पर पंचायत भवन पर खुली बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें ब्लॉक रिसोर्स पर्सन राजेश कुमार श्रीवास्तव (बीआरपी) ने ग्रामीणों का वृद्धावस्था पेंशन का सत्यापन किया एवं गांव में मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों का अवलोकन किया तथा मजदूरों से मजदूरी प्राप्त होने के बारे में पूछा। ग्रामीणों को आवास प्राप्त करने के नियम के बारे में बताया। आडिट टीम के सदस्य राधेश्याम, गोवर्धन गुप्ता, संतोष कुमार गौतम आदि ने गांव में जाकर लाभार्थियों से योजनाओं के बारे में किया। इस अवसर पर ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

# एक हफ्ते के कड़ाके की ठंड के बाद जन सामान्य को मिली राहत




**नरायनपुर, मिर्जापुर।** जनवरी माह के शुरुआत से मौसम में हुए जबरदस्त बदलाव से जनजीवन में काफी सिहरन पैदा हो गया था। लोग कड़ाके के ठंड से कांपने लगे थे। कम्बल से बाहर निकलने के लिए सोचना पड़ने लगा था। इंसान तो इंसान जानवरों पर भी इसका जबरा प्रभाव पड़ा यहां तक कि ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय घूमने वाले आवारा कुत्ते भी दिखाना बंद हो चुके थे। एक हफ्ते तक ठंड अपने पूरे शबाब पर था। कड़ाके की ठंड से लोगों ने बाहर भी निकलना बंद कर दिया था। यहां तक कि मजदूर भी मजदूरी करने से कतराने लगे थे, ऐसा रहा ठंड का हाल। कड़ाके के ठंड को देखते हुए जिले में माध्यमिक स्तर तक के विद्यालयों के भी पठन - पाठन रोक दिया गया ताकि छात्रों पर मौसम का गंभीर प्रभाव न पड़े। कड़ाके की ठंड के वजह से सर्दी - जुकाम व बुखार से काफी संख्या में लोग पीड़ित होने लगे थे। आज 9 जनवरी को जब सुबह से ही सूर्य देवता ने अपनी आंखे पूरी तरह से खोला तो लोगों में गर्माहट आ गई, जिसको जहां जगह मिला वहीं बैठकर धूप लेने लगे और चैन की सांस ली। शांति का माहौल खुशहाली में बदल गया। गलियों में नन्हें - मुन्ने बच्चों के आवाज गूंजने लगे। बच्चे गेंद और बल्ले लेकर मैदानों में खेलते दिखाने लगे। गर यही हाल पूरे जनवरी महीने का होता तो क्या होता। सोचकर ही शरीरों सिहरन पैदा हो जाता है।

## नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधि ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण




नवनिर्वाचित युवा मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह और जिला प्रतिनिधि मनोज चौबे ने निर्वाचित होने पर सरदार वल्लभभाई पटेल की नारायणपुर चौराहे पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण करके आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ विजय सिंह एवं रितेश त्रिपाठी, नीरज साहू ,आशीष मिश्रा ,आनंद कुमार सिंह, अंबुज मौर्य ,राजेंद्र मौर्य ,श्रीकांत पटेल, शिवकुमार जायसवाल आदि सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधि का माल्यार्पण करके स्वागत किया और बधाई दिया।

**जमालपुर,मिर्जापुर।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ महेंद्र नाथ पांडे की संस्तुति द्वारा जिला मिर्जापुर के मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधि निर्वाचित होने की घोषणा से नारायणपुर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। भारतीय जनता पार्टी ने नारायणपुर मंडल के

# बाबा साहब पर ओछी राजनीति करना घोर निंदनीयः जितेंद्र पांडेय



**सकलडीहा, चंदौली।** संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक कस्बा स्थित बाल विद्या मंदिर में संपन्न हुई। इस दौरान बीजेपी के जिला महामंत्री जितेंद्र पांडेय ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि देश के कुछ राजनीतिक दल बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के ऊपर ओछी राजनीति कर रहे हैं। यह बहुत ही निंदनीय और शर्मनाक है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर समाज के अंतिम व्यक्ति दलित वंचित शोषित के प्रेरणादायक हैं। उन्होंने संविधान की संरचना के साथ देश को एक नए पटल को ले जाने का काम किया है। वहीं मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश चौहान ने बाबा साहब के ऊपर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लेकर अपने बूथ पर अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से संविधान गौरव दिवस कार्यक्रम मनाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी वह पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर शुरुआत किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद सिंह, वीरेंद्र सिंह, रामसुंदर चौहान, सत्य प्रकाश गुप्ता, राम आधार गुप्ता, सत्य प्रकाश सिंह, देवेंद्र पांडेय, अवधेश सिंह, नंदलाल कुशवाहा, मुसाफिर प्रजापति, पिंटू सिंह, विजय यादव, कुमुद बिहारी सिंह, शैलेंद्र पांडेय कवि सहित मंडल के समस्त बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक प्रभारी, मंडल मंत्री संयोजक, सेक्टर प्रभारी सहित अन्य रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रतिनिधि नीरज सिंह बाला ने किया।

## एसपी ने कार्यालय में की जनसुनवाई, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**चित्रकूट, ब्यूरो।** एसपी अरुण कुमार सिंह ने गुरूवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में शिकायतें सुनीं व त्वरित निस्तारण को संबंधित प्रभारी निरीक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। श्री सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान करना है व शिकायतों का शीघ्र निवारण किया जाना चाहिए। सभी अधिकारियों को सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी शिकायतकर्ता निराश न लौटे व समस्याओं का समाधान समय पर किया जाए। जनसुनवाई में विभिन्न मामलों पर फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनके त्वरित समाधान के लिए पुलिस अधीक्षक ने उचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

## झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर पिकअप व ट्रक में भीषण टक्कर, दो लोग घायल




**मऊ, चित्रकूट, ब्यूरो।** गुरुवार सुबह झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगर पंचायत मऊ के अहिरी नदी मोड़ के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ। घने कोहरे के कारण पिकअप व ट्रक में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें पिकअप के परखच्चे उड़ गए। हादसे में पिकअप चालक धनंजय (29 वर्ष) निवासी मुबारकपुर चंदौली व सोनू यादव (25 वर्ष) निवासी घाटमपुर मिर्जापुर गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना सुबह लगभग 6-7 बजे की है, जब घना कोहरा होने से कर्वी की ओर जा रही पिकअप अनियंत्रित होकर प्रयागराज की ओर जा रहे ट्रक से टकरा गई।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना

**हमीरपुर।** गुरुवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट में आए हुए फरियादियों को जिलाधिकारी ने ठंड से बचाव के दृष्टिगत कंबल वितरित किए। जनसुनवाई में लगभग 100 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## एक दिवसीय रोजगार मेले का किया गया आयोजन

**हमीरपुर।** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय,उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार पूर्व निर्धारित सूचना एवं विज्ञप्ति के अनुसार गुरुवार को सेवायोजन कार्यालय हमीरपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मिडलैंड माइकोफिन लिमिटेड सुमेरपुर, किल्टन जियो इंजीनियरिंग प्रा0लि0 दिल्ली, एस0बी0आई0 लाइफ इंश्योरेंस हमीरपुर, प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन, कानपुर, एल0आई0सी0, हमीरपुर द्वारा प्रतिभाग किया गया। आज आयोजित मेले में कुल 131 अभ्यर्थी सम्मिलित हुये जिसमें से कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों हेतु कुल 89 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरान्त चयन किया गया। प्रतिभागी कम्पनी मिडलैंड माइकोफिन लिमिटेड, सुमेरपुर 28, किल्टन जियो इंजीनियरिंग प्रा0लि0, दिल्ली 25 एस0बी0आई0 लाइफ इंश्योरेंस हमीरपुर ने 07, प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन, कानपुर 24 एवं एल0आई0सी0, हमीरपुर 05 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया गया।

## मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारियों को ईमानदारी से करें निर्वहन

**नरैनी, ( संवाददाता )।** भाजपा के युवा कार्यकर्ता आदित्य चतुर्वेदी को नरैनी मंडल अध्यक्ष बनाया गया है प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ महेंद्र नाथ पांडेय की संस्तुति के बाद जिला चुनाव अधिकारी ने सूची जारी की है जारी किए गए पत्र में तिंदवारी विधान सभा के पैलानी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार गुप्ता,जसपुरा मंडल अध्यक्ष साहब सिंह तिंदवारी मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी,बबेरू विधान सभा के मर्का मंडल में दिनेश निषाद,बबेरू मंडल के शौरभ शिवहरे,नरैनी विधान सभा क्षेत्र के अतर्रा मंडल अध्यक्ष ज्ञान प्रताप सिंह,ओरन मंडल के आशीष अनुरागी,कालिंजर मंडल में ओमप्रकाश राजपूत को दोबारा अध्यक्ष बनाया गया है। बिसंडा से विनय कुशवाहा, दक्षिणी से राजेश गुप्ता, बबेरू विधान सभा से मर्का मंडल से दिनेश कुमार निषाद,बबेरू से सौरभ शिवहरे और तिंदवारी विधान सभा के पैलानी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार गुप्ता,जसपुरा में साहब सिंह और तिंदवारी मंडल से अनूप तिवारी को मंडल अध्यक्ष पैलानी मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता, बनाया गया है।

## मोटरसाइकिल से टक्कर में 71 वर्षीय वृद्ध एवं मोटरसाइकिल चालक बुरी तरह घायल



**जमालपुर, मिर्जापुर।** मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने जमालपुर बीच बाजार में अस्पताल के पास पेशाब करके वापस आ रहे स्थानीय दुकानदार को बुरी तरह से मारा धक्का।

दुकानदार और बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार विशाल मौर्य पुत्र वीरेंद्र मौर्य उम्र 19 वर्ष एवं दीपू पुत्र गया सिंह जमालपुर निवासी दोनों युवा बाइक से जमालपुर बाजार के तरफ से थाना की तरफ तेज गति से जा रहे थे की दुकानदार नामवर गुप्ता पुत्र स्वर्गीय राम जी गुप्ता उम्र 71 वर्ष (जिनकी बाजार में दुकान है) पेशाब करके वापस दुकान आ रहे थे, की बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक चालक विशाल मौर्य एवं नामवर गुप्ता को गंभीर चोट लग गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार हेतु पहुंचाया। बाजार में दुर्घटना की सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान जमालपुर सुशील सिंह उर्फ बाचा एवं दिनेश यादव तथा अन्य शुभचिंतकों का अस्पताल में भीड़ लग गया। खबर लिखे जाने तक प्रशासन द्वारा विधिक कार्रवाई किया गया।

# धूप खिलने से दो डिग्री चढ़ा पारा, ठंड से मिली राहत

⇨ सुबह और शाम कोहरे की धुंध से परेशानी, अलाव जलाकर बदन सेंक रहे लोग ⇨ पांच दिनों तक जबरदस्त कोहरे और शीतलहरी से ठिठुर उठे थे लोग



**बांदा, ( संवाददाता )।** पांच दिनों बाद दो दिन से खिल रही धूप से लोगों को ठंड से राहत मिली है। हालांकि सुबह और शाम कोहरे की धुंध अब भी लोगों को बेजार कर रही है। दो दिनों से धूप खिलने की वजह से तापमापी पारे की सुई दो डिग्री ऊपर चढ़ते हुए 20 डिग्री तक पहुंच गई है। न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री बढ़कर 8 डिग्री पहुंच रहा है। ठंडी हवाओं के झोंकों की वजह से गलन में इजाफा हो रहा है। लोग अलाव जलाकर किसी तरह से अपना बचाव करते हुए नजर आ रहे हैं। केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक ठंड बढ़ने के आसार हैं। जनवरी माह शुरू होते ही मौसम का मिजाज बदल गया था। आसमान पर बादल छाए रहने और कोहरे की धुंध की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। जबरदस्त ठंड में लोग ठिठुर उठे थे। किसी तरह से अलाव जलाकर अपना बचाव करते हुए नजर आए। लगातार पांच दिनों तक जबरदस्त कोहरा और ठंडी हवाओं के झोंकों से बढ़ी गलन ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया था। कोहरे की धुंध की वजह से रेल और सड़क यातायात प्रभावित हो गया था। ट्रेनें जहां सात-सात घंटे की देरी से चल रही थीं, वहीं रोडवेज बसें भी अपने निर्धारित समय से लगभग दो घंटे की देरी से रूट पर रवाना हो रही थीं। पांच दिनों तक आसमान में कोहरे की धुंध और धूप न खिलने की वजह से लोग ठंड से बेजार हो रहे थे। ठंड की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि बुधवार से मौसम में सुधार हुआ और सुबह से धूप खिली। बुधवार की रात को मौसम का मिजाज ठंडा रहा। लेकिन गुरुवार की सुबह जब लोगों की नींद खुली तो आसमान साफ था। पूरा दिन धूप खिली रहने से लोगों ने सड़क, चौराहों और गलियों के साथ ही अपने घरों की छतों में धूप सेंकी, इससे लोगों को ठंड से राहत मिली। दो दिनों से धूप खिलने की वजह से तापमापी पारे की सुई दो डिग्री बढ़कर 20 डिग्री तक बढ़ गई। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री बढ़कर 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। केंद्रीय जल आयोग की मानें तो अभी एक बार फिर से ठंड बढ़ने के आसार नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि मकर संक्रांति के मौके पर एक बार फिर से ठंड अभी लोगों को झटका देगी।

### लापरवाही न करें, स्वेटर जैकेट का करें इस्तेमाल

**बांदा।** जिला अस्पताल के ईएमओ डॉ. विनीत सचान ने कहा कि दो दिनों से खिल रही धूप की वजह से ठंड में कुछ कमी जरूर आई है, लेकिन सुबह और शाम मौसम ठंडा है। उन्होंने कहा कि धूप खिलने की वजह से लापरवाही न करते हुए स्वेटर और जैकेट का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही बच्चों को गर्म लिहाफ जरूर पहनाएं। चिकित्सक का कहना है कि अक्सर लोग धूप खिलने की वजह से स्वेटर और जैकेट से परहेज करने लगते हैं, यही घातक है। अचानक बदला मौसम का मिजाज लोगों को बीमार बना देता है, इसलिए सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि सुबह कम से कम 30 मिनट तक धूप जरूर सेंके।

## परीक्षा के दौरान एक नकलची पकड़ा

**नरैनी, ( संवाददाता )।** सीताराम समर्पण महाविद्यालय में आंतरिक उड़ाका दल ने इयर बट एवं पेपर में हस्त लिखित नकल पकड़ी। बुन्देखण्ड़ विश्वविद्मालय की परीक्षा में सीताराम समर्पण महाविद्मालय में गठित आंतरिक उड़ाका दल ने सघन तलाशी के दौरान द्वितीय पाली में एक बीकाम थर्ड सेमेस्टर के छात्र के पास कक्ष में पैट की जेब में इयर बट पकड़ा गया। प्रथम पाली में बीएससी बीकाम और एमकाम में कुल पंजीकृत छात्र संख्या 155 थी,एक छात्र अनुपस्थित रहा। द्वितीय पाली में बीए बीएससी बीकाम थर्ड सेमेस्टर जिसमें कुल पंजीकृत 287 छात्रों में दो छात्र अनुपस्थित रहे। यूएफएम एक तृतीय पाली मे एमएससी फिजिक्स बाटनी रसायन मैथ के परिक्षार्थी रहे। बीएससी मैथ बीए रक्षा विज्ञान परीक्षार्थियो ने परीक्षा दी। इनमें कुल छात्र-छात्राऐं 222 थे जिसमें क्रमशः 09 और 03 यूएफएम अनुपस्थित रहे। प्राचार्य डा. डीसी गुप्ता ने बताया कि विश्ववाद्मालय की परीक्षा को सुचितापूर्ण कराना हमारी प्राथमिकता है।

# भाजपा का संविधान गौरव अभियान: आलोक पाण्डेय का कांग्रेस पर हमला



**चित्रकूट, ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जिले के 11 मण्डलों में संविधान गौरव अभियान कार्यशालाओं में कांग्रेस व समाजवादी पार्टी (सपा) पर जोरदार हमला बोला। कार्यशालाओं में भाजपाइयों ने कांग्रेस पर संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कांग्रेस संविधान की हत्यारी है। संविधान हमारे स्वाभिमान का प्रतीक है। कांग्रेस व सपा झूठ व अफवाह फैलाकर जनता को भ्रमित कर रहे हैं। भाजपा संविधान के सम्मान की रक्षक है व संविधान का उल्लंघन करने वालों को कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा के अन्य नेताओं ने कांग्रेस की नीतियों की कड़ी आलोचना की। पूर्व सांसद आर के पटेल ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान का माखौल उड़ाया है जबकि पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस ने अपने फायदे के लिए संविधान का दुरुपयोग किया। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा भाजपा संविधान का सम्मान करती है व हर हालत में सुरक्षित रखने का काम करेगी।

## दबंगों ने नाबालिग युवती व महिलाओं के साथ की मारपीट

**चित्रकूट, ब्यूरो।** रैपुरा थाना क्षेत्र के कौबरा गांव में दबंगों ने नाबालिग युवती सहित महिलाओं को बेरहमी से पीटने की घटना सामने आई है। घटना में महिलाओं को लाठियों से मारा गया, जिससे उनके हाथ-पैर टूट गए व लहूलुहान हो गईं। दबंगों ने महिलाओं के साथ मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा कर रही है। रैपुरा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज की जा रही है व तफ्तीश की प्रक्रिया शुरू की गई है।

# क्रोध से बढ़ता है मानसिक तनाव-भगवान भाई

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

चिरकुंडा/ धनबाद। क्षणिक क्रोध या आवेश मनुष्य कभी न सुधरने वाली भूल कर बैठता है क्रोध से मानसिक तनाव बढ़ता है मनुष्य का विवेक नष्ट होता है क्रोध मुर्खता से शुरू होता और कई वर्षो के बाद के पश्चाताप से समाप्त होता है। क्रोध के कारण मनोबल और आत्मबल कमजोर हो जाता है। क्रोध ही अपराधो के मूल कारण बन जाते है। क्रोध से दिमाग गरम हो जाता है जिससे दिमाग में विभिन्न प्रकार के रासायनिक पदार्थ उतरते है और इससे ही मानसिक बीमारियां व शरीर की अनेक बिमारिया हो जाती है जीवन में रुखापन आता है। उक्त बात प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय माउंट आबू राजस्थान से आये हुए बी के भगवान भाई ने कही वे चिरकुंडा के नेहरू रोड स्थित ब्रह्माकुमारी राजयोग सेवाकेंद्र में उपस्थित ईश्वर प्रेमी भाई बहनों को क्रोध मुक्त जीवन हेतु सकारात्मक चिंतन विषय पर बोल रहे थे। भगवान भाई ने कहा कि मन में चलने वाले नकारात्मक विचार, शंका, कुशंका, ईर्ष्या, घृणा, नफरत अभिमान के कारण ही की उत्पति होती है।क्रोध से ही आपस में सम्बधो में कडवाह्ट आती है , मन मुटाव बढ़ जाता



है।उन्होंने कहा की क्रोध से घर का वातावरण खराब हो जाता है और पानी के मटके भी सुख जाते है।जहा क्रोध है वहा बरकत नही हो सकती है। इसलिए वर्तमान को क्रोध मुक्त बनाना जरुरी है। क्रोध करने से ही अनिद्रा, अशांति जीवन में आती है तनाव बढ़ता है जिससे व्यक्ति नशा व्यसनों के अधिन हो जाता है। उन्होंने क्रोध मुक्ति बनने के उपाय बताते हुए कहा कि सकारात्मक चिंतन से ही हम सहनशील बन क्रोध मुक्त बन सकते है। सकारात्मक चिन्तन से हमारा मनोबल मजबूत बन सकता हैं। सकारात्मक चिन्तन द्वारा ही हम क्रोध मुक्त और तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं। सकारात्मक चिंतन से सहनशीलता आती जिससे कई समस्याओं का समाधान हो जाता है। मन के विचारों का प्रभाव वातावरण पेड़-पौधों तथा दूसरों व स्वयं पर पड़ता है। यदि हमारे विचार सकारात्मक है तो उसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने बताया कि जीवन को रोगमुक्त,दीर्घायु, शांत व सफल बनाने के लिए हमें सबसे पहले विचारों को सकारात्मक भवनाना चाहिए। भगवान भाई ने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान को सकारात्मक विचारों का स्रोत बताते हुए कहा कि वर्तमान में हमे आध्यात्मिकता को जानने की जरुरी है आध्यात्मिकता की परिभाषा बताते हुए उन्होंने कहा स्वयं को यर्थात जानना, पिता परमात्मा को जानना, अपने जीवन का असली उद्देश्य को और कर्तव्य को जानना ही आध्यात्मिकता है। मौके पर स्थानीय ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र की संचालिका बीके अर्चना व राजयोग शिक्षिका बीके अनिता बहन ने बी के भगवान भाई का परिचय देते हुए कहा कि भगवान भाई ने 2010 तक 5000 स्कूलों और 800 जेलों में नैतिक शिक्षा और सकारात्मक चिन्तन , अपराध मुक्त का पाठ पढ़ाकर अपना नाम इण्डिया बुक ऑफ रिकार्ड्स दर्ज करा चुके है। कार्यक्रम में बीके पिंकी बहन,बी के मुकेश भाई, बीके रघुपति भाई , बी के जोगेंद्र भाई ने पगड़ी पहनाकर और गमछा पहनाकर बी के भगवान् भाई का स्वागत किया।मौके पर बीके सुषमा बहन, बीके उषा बहन भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में क्रोध मुक्त जीवन सकारात्मक चिन्तन हेतु राजयोग मेडिटेशन भी कराया गया।

# विधायक रागिनी सिंह ने झमाडा में स्थाई प्रबन्ध निदेशक की मांग

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

धनबाद। शुक्रवार को झरिया विधायक माननीय रागिनी सिंह ने धनबाद जिला अंतर्गत झमाड़ा में स्थाई रूप से प्रबंधक निदेशक के पदस्थापना को लेकर माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार, को पत्राचार कर जल्द से जल्द प्रबंधक निदेशक के पदस्थापित करने की मांग की जहा पत्र में विधायक श्रीमती रागिनी सिंह ने कहा कि धनबाद जिला अंतर्गत झरिया विधान सभा कोयला खनन वाला क्षेत्र है। यहाँ पर झमाड़ा के अतिरिक्त पेय जल आपूर्ति का कोई साधन नहीं है क्योकि भुमिगत खदान चलने के कारण चौरीग के माध्यम से पानी नहीं निकाला जा सकता है। जनता की सुविधा के लिये झरिया वो जामाडोबा में वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट से पेय जल की आपूर्ति तत्कालीन माडा द्वारा की जाती रही है। विदित हो कि झमाडा



को करोडो रूपये राजस्व की प्राप्ति होती है। विगत कुछ वर्षो से ए.डी.एम लॉ एण्ड ऑर्डर अथवा नगर आयुक्त को प्रबंध निदेशक के प्रभार में रखा जा रहा है। जिसके कारण प्रभारी प्रबंध निदेशक पूर्ण रूप से झमाडा कार्यालय में समय नही दे पाते हैं और व्यवस्था परमरा जाती है। जिस का विपरित असर पेय जल आपूर्ति पर पड़ता है और झरिया की लाखो जनता पानी को लिये नाही त्राही करने लगती है। अत: आपसे आग्रह है कि जनहित में पेय जलापूर्ति को नियमित एवम विधिवत करने हेतु कई वर्षो से रिक्त पड़े झमाडा के प्रबंध निदेशक को पद पर अविलम्ब पदस्थपन हेतु अग्रसर कारवाई की जाय।

## घर बैठे पैसे कमाने का झांसा देकर हजारों रुपए की ठगी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर । साइबर जालसाजों ने बीते दिनों लखनऊ में बिजनौर के नुर्दी खेड़ा निवासी अरविंद यादव को घर बैठे पैसा कमाने का झांसा देकर उससे 96900 रुपए ठग लिए। अरविंद ने मामले की रिपोर्ट बिजनौर थाने में दर्ज कराई है। अरविंद का कहना है कि कुछ दिनों पहले उसके व्हाट्सएप पर घर बैठे पैसा कमाने का मैसेज आया। जिसमें शेयरचैट की वीडियो लाइक करके स्क्रीनशॉट भेजने पर कुछ शेयर चैट की लिंक साझा की गई। जिसको अरविंद ने लाइक करके स्क्रीनशॉट भेज दिया। इसके बाद बैंक खाते की जानकारी मांगी गई। बैंक खाते की जानकारी देने पर टेलीग्राम से जुड़ने के लिए लिंक देते हुए अरविंद को 120 रुपए भेजे। अरविंद का कहना है कि इसमें एक दिन में 20 टास्क होते हैं, जिसमें शुरू में शेयरचैट की वीडियो लाइक करके स्क्रीनशॉट भेजने पर प्रत्येक स्क्रीनशॉट पर 50 रुपये देने को कहा। इसके बाद अरविंद को पैसे भेज दिए। अरविंद का कहना है कि इसके बाद एक फर्जी ट्रेडिंग साइट पर अरविंद का अकाउंट बनाया। उस पर पैसे लगाने के लिए बैंक डिटेल भेजी गई। उस खाता पर पैसे भेजने पर ट्रेडिंग साइट पर पैसे जुड़ जाते थे। अगले टास्क में अरविंद से कुछ और पैसे लगाने को कहा गया। यह बताया गया कि ज्यादा पैसे लगाने पर ज्यादा पैसे मिलेंगे। तब अरविंद ने कुछ पैसे लगाए। उसके बदले पैसे भी मिल गए। लेकिन जब और ज्यादा पैसे लगाए तो उन्हें रोक लिया गया। अरविंद का कहना है बाद में अधिक से अधिक पैसे लगाने के बाद ही पैसे वापस देने की बात कही गई। इस पर अरविंद ने बुधवार को 96900 रुपए लगा दिए। लेकिन इसके बावजूद अरविंद से 70000 रुपए और लगाने को बोला जा रहा है। यह कहा जा रहा है कि जब वह इतने रुपए लगाएगा, तभी उसके पैसे वापस मिलेंगे। अरविंद का कहना है कि उसने अपने दोस्त से पैसे मांग कर अपने पैसे निकालने के लिए उसमें रकम लगाई है। फिलहाल बिजनौर पुलिस अरविंद की तहरीर पर मामला दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जालसाज का पता लगाने में जुट गई है।

## खड़े ट्रक का तिरपाल काटकर मदर डेयरी सरसों तेल के 1 लीटर पाउच का गत्ता 125 नग चोरी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर में बीते दिनों बेखौफ चोरों ने खड़े ट्रक का तिरपाल काटकर मदर डेयरी सरसों तेल के 1 लीटर पाउच का गत्ता (125) नग चोरी कर लिए। जानकारी होने के बाद ट्रक चालक ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कानपुर देहात के रनिया थाना अंतर्गत करबक परसौली निवासी ट्रक चालक दिनेश के मुताबिक वह बीती 3 जनवरी को राजस्थान के जयपुर स्थित मदर डेयरी फूड वेजिटेबल प्राइवेट लिमिटेड चांदपोल बाजार जयपुर भवानी उद्योग विहार जैतपुरा से अपनी ट्रक में 1163 नग मदर डेयरी सरसों तेल लोड कर 5 जनवरी को लखनऊ में सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मदर डेयरी के डिपो मदर डेयरी फूड वेजिटेबल प्राइवेट लिमिटेड नीतीश लॉजिस्टिक पहुंचा था। यहां पहुंचने पर उसने डिपो इंचार्ज संदीप श्रीवास्तव को वाहन पहुंचने की सूचना दी। लेकिन डिपो इंचार्ज ने रात में वाहन खाली करने से मना कर दिया। इस पर चालक दिनेश डिपो के बाहर ही अपनी ट्रक खड़ी कर उसी के केबिन में सो गया। अगले दिन सुबह 5 बजे उठकर वाहन चेक किया तो ट्रक का तिरपाल पीछे से कटा होने के साथ ही उसमें लगे मदर डेयरी सरसों तेल के 1 लीटर के पाउच का गत्ता 125 नग गायब मिले। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। सरोजनीनगर पुलिस ट्रक चालक दिनेश की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों का सुराग लगाने में जुट गई है।

## सरोजनीनगर थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। गोमती नगर के विराज खंड में रहने वाले वैभव प्रकाश जायसवाल ने सरोजनीनगर थाने में एक धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। वैभव का कहना है कि उनकी हुंडई वेरना कार बीती 31 जुलाई को दिल्ली में बारिश के कारण खराब हो गई थी। जिसे लखनऊ लाने के लिए उन्होंने नई दिल्ली के शिवा टावर न्यू महावीर एनक्लेव द्वारका सेक्टर 2 स्थित एब्सलूट ट्रांसपोर्ट सॉल्यूशन से बुक कराया। वहां पर कंपनी के कर्मचारी शुभम और मालिक गौरव से गाड़ी को ट्रांसपोर्ट के जरिए लखनऊ लाने के लिए 12000 रुपये में बात तय हुई। जिस पर कंपनी की पॉलिसी के हिसाब से पूरी रकम के 10 फीसदी यानि 1200 जमा कर लिए गए। जबकि गाड़ी लोडिंग के समय कुल रकम के 40 फीसदी यानि 4500 रुपए ले लिए गए। शेष 50 फीसदी रकम गाड़ी डिलीवरी लेने पर तय हुआ, जो 6,300 रुपये हुआ। वैभव का कहना है कि 6 अगस्त को व्हाट्सएप के माध्यम से कंपनी मालिक गौरव ने 20,440 रुपये मांगे। इस पर वैभव ने शेष बकाया 6,300 रुपये ही होने की बात कही। आरोप है कि इस पर गौरव ने गाड़ी गायब करने की धमकी दी। उसकी धमकी से डर कर वैभव ने उसे 12,300 रुपये दे दिये। इसके बाद 7 अगस्त को वैभव की कंपनी के कर्मचारी सुमित चौरसिया द्वारा वैभव को कार प्राप्त हुई। लेकिन वैभव का आरोप है कि कार बाहर से क्षतिग्रस्त होने के साथ ही उसमें से करीब ढाई हजार रुपए कीमत का डीजल निकाल लिया गया। फिलहाल वैभव की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन की बैठक

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**



धनबाद। बलियापुर प्रखंड में सिंघीयाटांड़ बस्ती में एक बैठक की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष मोज़ शमीम शाह , बैठक की अध्यक्षता मोहम्मद इदरीशिया फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष मोहम्मद शहाबुद्दीन ने किया सर्व सम्मति से बलियापुर प्रखंड और जिला कमेटी गठन किया जाएगा वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के एक भवन निर्माण के लिए जगह चिन्हित किया गया बहुत जल्द ही वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के पदाधिकारी जिला उपायुक्त को लिखित पत्र दिया जाएगा एवं सिंदरी विधायक बबलू महतो से भी इस संदर्भ में भेंट किया जाएगा। बैठक में मोज़ शमीम शाह ने कहा इद्रिसिया फाउंडेशन के दर्जी का झरिया में एक बैठक की जाएगी जिसमें सभी को मनोनीत कर प्रमाण पत्र दिया जाएगा। मौके पर मौजूद वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के बरिय उपाध्यक्ष मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह मौजूद थे, बलियापुर प्रखंड के अध्यक्ष वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के मोहम्मद असद शाह मौजूद थे उन्होंने ही कार्यक्रम का संचालन किया। बैठक में उपस्थित मोहम्मद शमीम शाह मोहम्मद असद शाह इद्रीसिया फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष मोहम्मद शहाबुद्दीन मोहम्मद जबर मोहम्मद इलियास शाह शमशेर शाह मोहम्मद इलाही शाह मोहम्मद मंजूर आलम मोहम्मद कलाम इदरीसी निसार शाह इम्तियाज शाह, आशिक शाह , मोहम्मद बिलाल, प्रेम चांद महतो, संजय रवानी , नंदलाल मोदक , प्रवेश शाह, इदरीशिया फाउंडेशन के प्रखंड अध्यक्ष शामिल थे।

# किसान यूनियन (अरा0) के पदाधिकारियों ने रजिस्ट्रार राजस्व निरीक्षक पर लगाए गंभीर आरोप



**महराजगंज-रायबरेली।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन के पदाधिकारियों ने किसानों से संबन्धित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी सचिन यादव को सौंपा। दिए गए ज्ञापन में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक दल ने कहा है कि राजस्व विभाग के रजिस्ट्रार राजस्व निरीक्षक राकेश कुमार यादव द्वारा पत्रावली स्वीकृत और रजिस्ट्री करण के नाम पर दस हजार से पन्द्रह हजार प्रति पत्रावली की वसूली करके किसानों का शोषण किया जा रहा है, जिसको अविलम्ब रोका जाए। पदाधिकारी ने हल्का लेखपाल तुषार साहू व राजस्व निरीक्षक पर गलत पैमाइश कर क्षेत्र में किसानों को आपस में लड़वाने तथा ग्राम सभा भौसी में गाटा संख्या 1346 में कब्जा करवाने की नीयत से गलत पैमाइश का आरोप लगाया है। इसके अलावा किसान नेताओं ने कहा है कि, बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए शाम 5 बजे से 7 बजे तक निर्बाधित विद्युत आपूर्ति दी जाए, और ग्राम सभा राघवपुर में अहोरवा दीन पुत्र औसान के दरवाजे विद्युत पोल की अति आवश्यकता हैं, जिसे अविलम्ब लगवाया जाए के साथ-साथ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अल्ट्रासाउंड मशीने लगवाए जाने की मांग की है इसके अलावा एक्सरे मशीनों को लगातार चलाए जाने की भी बात कही गई है। किसान यूनियन ने कहा है कि राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा धन वसूली के उद्देश्य से भूमि पैमाइश के नाम पर तथा वसीयत के नाम पर की जा रही धन उगाही को अभिलंब रोका जाए, जिससे आम जनमानस को राहत मिल सके। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार यादव, तहसील अध्यक्ष रामनरेश गौड़, उपाध्यक्ष श्रीनाथ, ब्लॉक अध्यक्ष लवकुश कुमार, महिला ब्लॉक अध्यक्ष नशरीन बानो, महामंत्री मंजूलता सोनी, बेचालाल पांडेय, अमर नाथ, रामलखन सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

## डीएम ने जनप्रतिनिधियों के साथ देखा वीवीपैड वेयर हाउस



**रायबरेली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली गई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ सहित अन्य संबंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भाजपा की सदस्यता अभियान को लेकर लगाया गया शिविर




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

चिरकुंडा / धनबाद। भाजपा चिरकुंडा मंडल के अंतर्गत नेहरू रोड स्थित मंडल अध्यक्ष अरबिंद सिन्हा के नेतृत्व मे भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान (संगठन महापर्व ) सार्वजानिक शिविर शुक्रवार को लगाया गया।शिविर मे लोगो ने बढ़ -- चढ़ कर पार्टी सदस्यता ग्रहण की। मौके पर प्रभारी काजल नाग, धनबाद जिला ग्रामीण सह चिरकुंडा नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह, धनबाद जिला ग्रामीण के मंत्री अनिल यादव, चिरकुंडा मंडल महामंत्री जगरनाथ सिंह, नंद लाल कुमार, मदन शर्मा, पप्पू सिंह, राज मिश्रा, पवन साव, कमलेश पांडेय, इत्यादि भाजपा कार्यकर्त्ता थे।

# अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर के नवीन बाउरी ने 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण जिता



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

चिरकुंडा/ धनबाद। सहोदया धनबाद द्वारा डीएवी स्कूल कोयला नगर में सीबीएसई से मान्यता प्राप्त एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर चिरकुंडा के छात्र नवीन बाउरी ने 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल का नाम रौशन किया।इसकि जानकारी देते हुए स्कूल के सचिव निलय गढ़याण व प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा ने छात्र को बधाई दी है।उन्होने कहा कि सारे मान्यता प्राप्त विद्यालयों को तीन क्लस्टर में बांटा गया था।धनबाद क्लस्टर में 14 सीबीएसई विद्यालय शामिल थे जिसमें इस स्कूल के बच्चों ने भी विभिन्न इवेंट्स में भाग लिया था।

## अदालती मोहरों के साथ पकड़ा गया संदिग्ध व्यक्ति

**रायबरेली।** जनपद मुख्यालय के कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एसडीम कोर्ट में एक व्यक्ति कई अदालती मोहरों के साथ संदेहास्पद स्थिति में पकड़ा गया। प्राप्त जानकारी अनुसार उप जिलाधिकारी न्यायिक की कोर्ट में एक व्यक्ति विगत लगभग 15 दिनों से वकील की पोशाक पहन कर न्यायिक कार्यों में लिप्त था। आज दोपहर जब लोगों को संदेह हुआ तो उससे पूंछताछ की गई। पूंछताछ के दौरान उक्त व्यक्ति द्वारा कोई सन्तोषजनक उत्तर न मिलने एवं कोई पहचान पत्र नही प्राप्त होने पर स्थानीय अधिवक्ताओं द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पकड़े गए व्यक्ति के पास से कई अदालती मोहरें भी बरामद की गई हैं। कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एड. सुशील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति के पास से एक आईडी भी मिली है जिसके अनुसार वह लखनऊ के खुर्रमनगर निवासी मो0 रज्जाक अहमद पुत्र अफाक अहमद है। आई डी में उपजिलाधिकारी कार्यालय रायबरेली तथा पद कम्प्यूटर ऑपरेटर लिखा हुआ है। फिलहाल पकड़ा गया व्यक्ति पुलिस की हिरासत में है। क्षेत्राधिकारी नगर अमित सिंह ने कहा कि आरोपों की जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# पुलिस के हत्थे चढ़े सफाई कर्मी के दो अपहरण कर्ता व मारपीट करने वाले, मास्टर माइंड अभी फरार

**नसीराबाद-रायबरेली।** स्थानीय पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है तीन जनवरी को थौरी गांव के सफाई कर्मी अपहरण कर 15 किलो मीटर परैया क्षेत्र कोबी गांव के पास हाथ पैर तोड़कर घायल अवस्था में फेककर गायब हो जाने के मामले में दो आरोपियों के गिरेबान तक खाकी के हाथ पहुंचे तो पीड़ित को न्याय की आस जगी लेकिन अभी भी मास्टरमाइंड और चार अन्य आरोपी फरार है।

पुलिस का दावा है की तलाश जारी है जल्द गिरफ्तार कर उन्हें भी सलाखों के पीछे डाल दिया जाएगा। पुलिस के गिरफ्त में आया पहला आरोपी थौरी गांव का तो दूसरा थाना व जनपद अमेठी का है। मामला तहरीर में विवादित जमीन से जुड़ा बताया गया है जिससे इस वारदात को अंजाम दिया गया। बीते शुक्रवार की शाम थौरी गांव निवासी जयकरन पुत्र रामधनी सड़क किनारे खेत घूमने गया था। मौके पर पहुंचे अग्यात स्विफ्ट डीजायर फोर व्हीलर वाहन में सवार बदमाशों ने अवैध तमंचे से फायर करते हुए जयकरन सरोज को गाड़ी के अंदर भर लिया और बंधक बनाकर करीब 15 किलो मीटर दूर परैया क्षेत्र के अंतर्गत परैया से जाने वाली सड़क जो गौरीगंज अमेठी को जाने वाली पक्की सड़क किनारे कोबी गांव के पास मारपीट कर हाथ-पैर तोड़ कर घायल अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गए थे। संजोग से उसी रास्ते से क्षेत्र के विनोद तिवारी अपने वाहन से आ रहे थे। घायल अवस्था में पड़े व्यक्ति की चीख पुकार सुन नजदीक जाकर देखा तो व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा तड़प रहा था। विनोद तिवारी ने डायल 112 और सरकारी एंबुलेंस को फोन कर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करते हुए घायल को नसीराबाद सीएससी में भर्ती कराया लेकिन हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पत्नी की तहरीर पर पड़ोसी समेत आधा दर्जन से ज्यादा लोगो पर गम्भीर धाराओं मे रिपोर्ट दर्ज की गई। मामले में क्राइम ब्रांच सर्किल सीओ और नसीराबाद पुलिस हर पहलुओं पर जांच कर रही थी कि आखिर सफाई कर्मी को थौरी गांव से जनपद अमेठी जाने वाली सड़क बॉर्डर पर मारपीट कर क्यों लाकर छोडा पुलिस हर पहलू पर निशाना लगा रही थी लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग रहा था। संजोग बस जय करन के पड़ोसी जो शहर में है जिसकी मोबाइल कॉल डिटेल खंगाला गया तो पता लगा उसी दिन अमेठी जनपद से और कई लोगों से बातचीत हुई है। पुलिस की शक की सुई घूमी और करीब एक दर्जन से ज्यादा लोगो के मोबाइल काल डिटेल खंगाला गया। जिसमें दो आरोपी देवा पुत्र जगन्नाथ गांव थौरी दूसरा उमेश पुत्र रामसरन सरोज निवासी कटरा राजा हिम्मत सिंह थाना व जनपद अमेठी के सुराग मिले। पुलिस ने जाल बिछाया और दोनों आरोपियो के गिरेबान तक खाकी के हाथ पहुंचे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने किन्नर महाधिवेशन में मोमेंटो देकर कीन्नरों को किया सम्मानित

⇨ प्रेस क्लब के पदाधिकारीयों व सदस्यों को कीन्नरों ने दिया भरपूर आशीर्वाद ⇨ अखिल भारतीयकन्नर समाज के प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी ने धनबाद सहित पूर्व राज्य को खुशहाल रहने का दिया आशर्वाद ⇨ झारखंड के इस ऐतिहासिक महाधिवेशन में धनबाद मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही: छम छम देवी





**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

धनबाद। देश की कोयला राजधानी झारखंड राज्य के धनबाद में किन्नरों की चल रही भव्य महाअधिवेशन का शुक्रवार को समापन के दिन धनबाद प्रेस क्लब कमिटी के महासचिव अजय प्रसाद, वरीय उपाध्यक्ष शशि भूषण राय, उपाध्यक्ष प्रतीक पोपट व शरद पांडे, सचिव संजय चौरसिया व चंदन पाल, कार्यकारिणी सदस्य विपिन रजक व शांभवी सिंह समेत क्लब के सक्रिय सदस्य आशीष सिंह, अमित सिन्हा,दिलीप दास, विजय मिश्रा समेत अन्य सदस्यों ने झारखंड प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी समेत अन्य राज्यों से आए किन्नरों का आशीर्वाद लिया व सम्मानपूर्वक मोमेंटो देकर उनका सम्मान व अभिवादन किया। अपने संदेश में धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा ने समाज के प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी एवं उनकी टीम को सफल आयोजन की बधाई दी। इस अवसर पर धनबाद प्रेस क्लब के महासचिव अजय प्रसाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मानव समाज में किन्नर सबसे पवित्र माना जाता है। महासचिव ने कहा कि हिंदू रीति रिवाज में कीन्नरों को बहुत ही उत्तम स्थान दिया गया है एवं सबसे शुभ माना गया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किन्नर माता देवी का स्वरूप होती है शिव के उपासक होते हैं । उन्होंने कहा कीन्नरों का हमेशा सम्मान करना चाहिए, उनको कभी भी हेय दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। उनको हमेशा नए वस्त्र और नए सामग्री दान करना चाहिए और दान करते समय %ओम ऐंग ह्रीं क्लीं चामुंडाय विच्चे% मंत्र का जाप करना चाहिए एवं आशीर्वाद लेते समय %या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता नमस्तस्ए नमस्तस्ए नमस्तस्ए नमों नम:% का जाप करके आशीर्वाद लेना चाहिए क्योंकि किन्नर शक्ति स्वरूपा होती है। अंतिम दिन किन्नरों का बैठक विशाल पंडाल में बने मंडप में हुआ। छम छम देवी ने सभी को इस महा अधिवेशन को सफल बनाने के लिए धनबाद प्रेस क्लब के सभी सदस्यों को आशीर्वाद दिया। बोकारो की बबीता नायक ने कहा कि धनबाद मीडिया ने इस महा अधिवेशन के समाचारों को पूरे देश में पहुंचाया जिसका हम सब आभारी हैं और इसके लिए हम सभी को फलने फूलने एवं उज्जवल भविष्य की आशीर्वाद देते हैं। इस मौके पर सिलीगुड़ी से आई अलाव्या नायक ने कहां की झारखंड में पहली बार किन्नरों का ये धनबाद में महाअधिवेशन छम छम देवी के नेतृत्व में बहुत ही सफल व शानदार रहा।धनबाद में होने जा रही। अन्य राज्यों से आए किन्नरों ने धनबाद की लोगों को बहुत तारीफ की, कहा कि धनबाद हमेशा याद आएगी।महाअधिवेशन की तैयारियों में पत्रकार ऑन शौकत खान का काफी योगदान था।सचिव श्वेता किन्नर ने कहा समस्त जजमानों की खुशहाली एवं उन्नति के लिए पूजा अर्चना की गई है, एवं माता के दरबार में कलश यात्रा निकालकर सभी का कल्याण के लिए कामना की गई है, माता रानी सब का अच्छा करेंगे ।महाअधिवेशन के अंतिम दिन अखिल भारतीय किन्नर समाज की सचिव श्वेता किन्नर, अलाव्या नायक सिलीगुड़ी,बबीता नायक बोकारो, अरुणा नायक रामगढ़, सीमा नायक इंदौर, जकी नायक,प्रेमा नायक,छोटकी नायक,ललन नायक पटना, मुन्नी नायक बेरमो,ज्योति नायक,सांवरिया,गीता नायक, निर्मला किन्नर,श्वेता किन्नर, रेखा किन्नर आदि किन्नरों ने सभी को आशीर्वाद दिया।

# ‘मैं किसी के साथ रिश्ते में’

## शादी पर क्या है श्रुति हासन की राय? एक्ट्रेस ने किया हैरान करने वाला खुलासा



पॉपुलर एक्ट्रेस श्रुति हासन ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है जिसमें अभी तक शादी ना करने की वजह बताई है. एक्ट्रेस रिलेशनशिप में विश्वास करती हैं और उसमें रहना भी चाहती हैं लेकिन शादी को लेकर उनके ख्याल दूसरे हैं. मैं किसी के साथ रिश्ते में...श् शादी पर क्या है श्रुति हासन की राय? एक्ट्रेस ने किया हैरान करने वाला खुलासा साउथ सिनेमा और बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं एक्ट्रेस श्रुति हासन बेबाकी से अपनी बात रखना पसंद करती हैं. उन्हें किसी ने धोखा दिया, किसी के साथ रिलेशनशिप में रहीं या शादी क्यों नहीं करना चाहती हैं3 इन सभी टॉपिक्स पर श्रुति खुलकर बात करती हैं. एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी शादी से लेकर रिलेशनशिप तक सबकुछ बताया. पिंकविला को दिए इंटरव्यू में श्रुति हासन ने अपनी लाइफसे जुड़ी कुछ अहम बातें बताईं. वो रिलेशनशिप में रहना पसंद तो करती हैं लेकिन शादी को लेकर उनके ख्याल दूसरे हैं. श्रुति ने इस इंटरव्यू में क्या-क्या कहा, आइए जानते हैं. शादी पर क्या सोचती हैं श्रुति हासन? इंटरव्यू में श्रुति हासन से उनके पिछले एक बयान के बारे में पूछा गया. उसमें एक्ट्रेस ने बिल्कुल भी शादी नहीं करने की इच्छा पर बात की थी. एक्ट्रेस ने जोर देते हुए कहा था कि वो अभी भी अपनी उसी बात पर कायम हैं, साथ ही एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि वो शादी करने से ज्यादा एक रिश्ते में रहना पसंद करतीं हैं. अपनी च्वाइस पर बात करते हुए श्रुति हासन ने कहा कि उन्हें रिलेशनशिप में रहना पसंद है. उन्हें लव और रोमांस पसंद है, लेकिन ये सबकुछ उनको रिलेशन में अच्छा लगता है. श्रुति ने अपनी बात को समझाते हुए कहा कि मैं खुद को किसी से काफी ज्यादा जोड़ लेती हूं लेकिन मैं कभी किसी को ना नहीं कह सकती. कोई आ गया अनमोल रतन जैसा और मेरा मन बदल जाए तो ये अलग बात है.’ पास्ट एक्सपीरियंस पर क्या बोलीं श्रुति हासन? जब श्रुति से पूछा गया कि क्या प्यार में उनके पिछले अनुभवों का उनकी शादी की बात से कुछ लेना देना है, तो एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि ये शायद सिर्फ उनकी अपनी सोच थी. एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने अपने आसपास कई सफल, खुशहाल और खूबसूरत शादियां देखी हैं, जिनका असल में उनकी पसंद पर कोई असर नहीं पड़ा. श्रुति कहती हैं कि लाइफमें अगर कोई सही मिला और लगा तो शादी कर सकतीं हैं लेकिन फिलहाल उनका ऐसा कोई इरादा नहीं है. श्रुति हासन का फिल्मी करियर सुपरस्टार कमल हासन और एक्ट्रेस सारिका की बड़ी बेटी श्रुति ने तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और हिंदी फिल्मों में काम किया है. श्रुति हासन पहली बार स्क्रीन पर फिल्म ‘हे राम’ (2000) में नजर आई थी जो उनके पापा की ही फिल्म थी. 2009 में फिल्म ‘लक’ से श्रुति ने बॉलीवुड डेब्यू किया था. इसके बाद श्रुति ने ‘रमैया वस्तावैया’, ‘डी-डे’, ‘बहन होगी तेरी’, ‘गब्बर इज बैक’ जैसी फिल्मों में काम किया. श्रुति ने बहुत कम हिंदी फिल्में की हैं बाकी वो साउथ सिनेमा में ज्यादा एक्टिव हैं. श्रुति हासन की आने वाली फिल्म ‘सलार 2’ है जो 2026 तक रिलीज हो सकती है. शादी को लेकर क्या बोली श्रुति हसन श्रुति ने यह स्पष्ट किया कि उनका मानना है कि शादी के बजाय एक खुशहाल और मजबूत रिश्ते में रहना ज्यादा महत्वपूर्ण है, और वे इस बारे में किसी भी प्रकार का दबाव नहीं महसूस करतीं। श्रुति अपने जीवन को अपने तरीके से जीने की प्राथमिकता देती हैं, बजाय समाज की अपेक्षाओं के वह खुद के तरीके से जीवन में आगे बढ़ना चाहती है। श्रुति हसन ने कही दिल की बात श्रुति हसन रिश्तों में तो रुचि रखती हैं, लेकिन गहरे और स्थायी रिश्ते में खुद को पूरी तरह से समर्पित करने से थोड़ा संकोच करती हैं। उनका कहना है कि वे रोमांस और रिश्तों को पसंद करती हैं, लेकिन किसी से गहरे स्तर पर जुड़ने का विचार उन्हें डराता है। श्रुति हसन का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आखिर ऐसा क्यों सोचती हैं श्रुति श्रुति ने स्पष्ट किया कि उनका शादी के प्रति यह नजरिया उनके व्यक्तिगत विश्वासों से जुड़ा हुआ है और यह किसी अतीत के अनुभवों से प्रभावित नहीं है। वह कहती हैं कि उन्होंने अपने दोस्तों के सफल विवाहों को देखा है, लेकिन इसके बावजूद उनके नजरिए में कोई बदलाव नहीं आया है। इसका मतलब है कि उनके विचार आत्मनिर्भर हैं और वे बाहरी उदाहरणों से प्रभावित नहीं होते। शादी को लेकर बार-बार पूछा जाता रहा है सवाल यह पहली बार नहीं है जब श्रुति ने शादी के बारे में बात की है। एक बार इंस्टाग्राम पर एक प्रशंसक ने उनसे शादी के प्लान के बारे में पूछा, तो उन्होंने मजाक में जवाब देते हुए कहा था, ष्यह सवाल पूछना बंद करें।ष् इस तरह के मजाकिया जवाब अक्सर सेलिब्रिटीज के द्वारा दिए जाते हैं, जब वे अपनी निजी जिंदगी के बारे में चर्चा नहीं करना चाहते या किसी विषय पर हल्के-फुल्के तरीके से प्रतिक्रिया देना चाहते हैं। इस फिल्म में नजर आने वाली हैं श्रुतिश्रुति हासन ने हाल ही में अपने बॉयफ्रेंड संतानु हजारिका से अपना रिश्ता खत्म किया था। ऐसा बताया जा रहा है कि दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में थे। वर्क फ्रंट की बात करें तो श्रुति जल्द ही साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत के साथ फिल्म श्कुलीश् में नजर आने वाली हैं, जिसे लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। इस फिल्म में नागार्जुन अक्किनेनी, उपेन्द्र राव, और सौबिन शाहिर भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में होंगे। श्रुति हासन अक्सर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। उनसे शादी को लेकर हमेशा सवाल पूछे जाते हैं। अब अभिनेत्री ने आखिरकार इन सवालों का जवाब दे दिया है। उन्होंने हाल ही में यह साफकिया कि वह शादी के बजाय रिलेशनशिप में रहना पसंद करती हैं। बातचीत करते हुए जब श्रुति से उनके शादी न करने के बयान के बारे में पूछा गया तो इस पर जवाब देते हुए उन्होंने अपनी स्थिति को फिर से स्पष्ट किया। श्रुति ने कहा, ष्मुझे नहीं पता। मुझे रिलेशनशिप बहुत पसंद हैं और मुझे रोमांस भी पसंद है। मैं रिश्ते में रहना पसंद करती हूं, लेकिन किसी से इतना ज्यादा जुड़ना मुझे थोड़ा डराता है।ष् श्रुति ने यह भी कहा कि उनका शादी के प्रति यह दृष्टिकोण उनके व्यक्तिगत विश्वासों पर आधारित है, न कि किसी अतीत के अनुभवों पर। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने अपने दोस्तों के सफल विवाह देखे हैं, लेकिन इन सकारात्मक उदाहरणों के बावजूद उनका नजरिया नहीं बदला। यह पहली बार नहीं है जब श्रुति ने शादी पर बात की है। एक बार इंस्टाग्राम पर एक प्रशंसक ने उनसे शादी के प्लान के बारे में पूछा तो उन्होंने मजाक में जवाब देते हुए का था, ष्यह सवाल पूछना बंद करें।ष् इन फिल्मों में दिखेंगी श्रुति हासन श्रुति ने कुछ समय पहले ही अपने बॉयफ्रेंड संतानु हजारिका से अपना रिश्ता समाप्त किया था। ऐसा कहा जाता था कि दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में थे। वर्क फ्रंट की बात करें तो श्रुति जल्द ही श्कुलीश् फिल्म में रजनीकांत के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म लोकेश कनगराज निर्देशित कर रहे हैं। इसमें नागार्जुन अक्किनेनी, उपेन्द्र राव, सौबिन शाहिर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा उनके पास बहुप्रतीक्षित श्सालाररू पार्ट 2 शौर्यंगा पर्वमश् भी है, जिसमें प्रभास और पृथ्वीराज सुकुमारन अहम भूमिका में हैं। श्रुति हासन ने हाल ही में अपने पेरेंट्स कमल हासन और सारिका के तलाक को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि कैसे उनके पेरेंट्स के डिवोर्स ने बाद उन्हें फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट होने का मतलब समझ आया था। उन्होंने कहा कि पेरेंट्स ने अलग होने से पहले साथ रहने की काफी कोशिश की थी।

पेरेंट्स के तलाक के बाद लाइफ में सब बदल गया था- श्रुति श्रुति हासन ने पिंकविला से फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट पर बात करते हुए कहा- मैं एक बहुत ही खूबसूरत परिवार में पैदा हुई। मुझे इंटेलीजेंट पेरेंट्स मिले और भगवान की कृपा से सभी फैसिलिटी मिली। लेकिन मैंने इसकी दूसरी साइड भी देखी है। जब मेरे माता-पिता अलग हुए थे, तो मेरी लाइफमें सब कुछ बदल गया था। मैंने अपनी मां से काफी कुछ सीखा है- श्रुति एक्ट्रेस ने आगे कहा- ‘पेरेंट्स के अलग होने के बाद ही मुझे फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट होने का मतलब समझ आया था। उस वक्त मुझे एहसास हुआ कि हर किसी को आर्थिक रूप से स्वतंत्र क्यों होना चाहिए। जब मैंने अपनी मां को देखा तो लगा कि एक बेटी होने के नाते मुझे आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना चाहिए। कोई भी फैसला लेना काफी मुश्किल होता है, लेकिन उससे भी ज्यादा मुश्किल होता है, जब आप किसी पर डिपेंड होते हैं।’ तलाक बुरा फैसला होता है- श्रुति हासन श्रुति हासन ने कहा कि तलाक काफी बुरा फैसला होता है। न केवल बच्चे बल्कि पेरेंट्स भी यह दर्द महसूस करते हैं। हालांकि, अब चीजे काफी नॉर्मल हो गई हैं। अभी भी ऐसे कई घर हैं, जहां समाज की खातिर माता-पिता एक साथ रहते हैं। यह ज्यादा खराब होता है क्योंकि दोनों के मन में दर्द छुपा होता है। साल 1988 में की थी दोनों ने शादी कई साल पहले सिमी गरेवाल के साथ बातचीत में कमल हासन ने बताया था कि उनकी और सारिका की पहली मुलाकात 1984 में फिल्म ‘राज तिलक’ की शूटिंग के दौरान हुई थी। पहले दोनों के बीच अच्छी दोस्ती हुई और फिर ये दोस्ती प्यार में बदल गई। इसके बाद दोनों साल 1988 में शादी के बंधन में बंध गए थे। हालांकि शादी से दो साल पहले ही सारिका ने बेटी श्रुति को जन्म दिया था।

शादी से पहले वो कमल हासन के साथ लिव इन रिलेशनशिप में थी। 2004 में हुआ था दोनों का तलाक कमल और सारिका का साल 2004 में तलाक हो गया था। दोनों की दो बेटियां श्रुति और अक्षरा हासन हैं। तलाक के बाद सारिका ने टीवी की दुनिया में कदम रखा था। सालार में नजर आई थीं श्रुति हासन वहीं बात करें वर्कफ्रंट की तो श्रुति हासन को आखिरी बार प्रभास के साथ फिल्म श्सालाररू पार्ट 1-सीजफायरश् में देखा गया था। प्रशांत नील की निर्देशित इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन भी थे।



## दीपिका को मिली थी भारत छोड़ने की सलाह

दीपिका पादुकोण जब इंडस्ट्री में नई थीं तो उन्हें भारत छोड़ने की सलाह मिली थी। लोगों ने दीपिका से कहा कि उन्हें पेरिस, न्यूयॉर्क या मिलान (इटली का शहर) चले जाना चाहिए। हालांकि दीपिका अपने देश में ही रहकर काम करना चाहती थीं। उन्होंने यहीं पर काम करना जारी रखा। दीपिका ने इंडस्ट्री में नेपोटिज्म के अस्तित्व पर भी बात की। दीपिका ने कहा कि इंडस्ट्री में पहले भी नेपोटिज्म था और आज भी है। दीपिका ने कहा कि जब वो मुंबई आईं तो उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। खाने और रहने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। शहर में कोई अपना नहीं था। हालांकि इन तमाम कठिनाइयों के बावजूद दीपिका ने हार नहीं मानी और मेहनत करना जारी रखा। नतीजतन दीपिका आज इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। दीपिका ने अपने देश में काम करना बेहतर समझा दीपिका पादुकोण ने वॉग मैगजीन से बात करते हुए कहा- आज से 15-20 साल पहले भी नेपोटिज्म था। हमारे पास कोई दूसरा ऑप्शन नहीं था। हमारे पेरेंट्स इस फील्ड से नहीं थे, इसलिए हमारे लिए किसी भी कीमत पर खुद को साबित करना था। नेपोटिज्म का रहना उस वक्त भी कोई नई चीज नहीं थी और आज भी नहीं है। मैं जब इंडस्ट्री में एंटर हो रही थी, उस वक्त लोगों ने मुझसे कहा कि फॉरेन चली जाओ। हालांकि मुझे लगता था कि ये देश मेरा है और मुझे यही पर काम करना है। मैं अपनी जन्मभूमि छोड़कर नहीं जाऊंगी। बता दें कि 2017 में विन डीजल की फिल्म ग्ग- द रिटर्न ऑफजेंडर केजश् में काम किया था। हालांकि इसके बाद दीपिका ने अभी तक हॉलीवुड का मुंह नहीं देखा है। खाने-पीने की व्यवस्था करनी पड़ती थी, शहर में बिल्कुल अकेली थी दीपिका ने इस इंटरव्यू में अपनी स्ट्रगल पर भी बात की। उन्होंने कहा- शुरुआत में मुझे काफी चीजों से डील करना पड़ता था। मैं टीनएज में ही नए शहर (मुंबई) में आ गई थी। वहां मेरा कोई अपना नहीं था। खाने-पीने और रहने की व्यवस्था करनी पड़ती थी। यहां तक कि बैग कहां रखने हैं, इसे भी देखना पड़ता था। पेरेंट्स भी काफी चिंता में रहते थे। हालांकि बाद में वो लोग मेरे जज्बे की तारीफभी करते थे। दीपिका के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनके पास फिलहाल फाइटर, कल्कि 2998 ।क् और सिंघम-3 जैसी फिल्में हैं। देखा जाए तो उनका शेड्यूल बिल्कुल टाइट है। रणवीर और दीपिका एक दूसरे के साथ समय नहीं बीता पाते दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह अपने बिजी शेड्यूल की वजह से एक दूसरे को टाइम नहीं पाते। उन्हें एक दूसरे के साथ समय बिताने के लिए प्लानिंग और शेड्यूलिंग करनी पड़ती है। यह बात खुद दीपिका ने एक इंटरव्यू में कही है। दीपिका ने कहा कि कभी-कभी वो और रणवीर एक ही शहर में रहते हैं फिर भी एक साथ बैठ नहीं पाते। दीपिका ने कहा कि उनके लिए अपने पति के साथ क्वालिटी टाइम बिताना बहुत अहम है। इसे पॉसिबल बनाने के लिए वो पूरी मेहनत करती हैं।

## ‘मैं ये साबित करना चाहता था कि...’



शक्ति कपूर ने जहां फिल्मों में अपनी खलनायकी से दर्शकों को खूब एंटरटेन किया. इसके बाद वे टीवी रिएलिटी शो बिग बॉस में भी नजर आए. शक्ति कपूर साल 2011 में बिग बॉस सीजन 5 का हिस्सा बने थे. एक बार एक्टर ने बताया था कि वे शो में जीतने के इरादे से नहीं गए थे, बल्कि इसकी वजह उनकी बेटी श्रद्धा कपूर थीं. शक्ति कपूर ने बताया था कि वे साबित करना चाहते थे कि वे बिना शराब के महीने भर रह सकते हैं. उन्होंने कहा था- श्मैं वहां जीतने के लिए नहीं बल्कि अपने बच्चों को ये साबित करने के लिए आया था कि मैं एक महीने तक शराब से दूर रह सकता हूं. मुझे गर्व है कि मैं ये साबित कर सका.श् बीवी-बच्चों को शक्ति कपूर पर गर्व शक्ति कपूर ने आगे बताया कि उनके बच्चे शो में उनके गेम से भी काफी इंप्रेस हुए थे. उन्होंने कहा था- श्वे इस बात से भी खुश थे कि जब मैं कप्तान था तो घर में झगड़े नहीं होते थे. अब मेरी बेटी श्रद्धा कहती है कि वो अगले जन्म में भी मेरी बेटी के रूप में जन्म लेना चाहती है. मेरी पत्नी को भी मुझ पर गर्व था और जिस तरह से मैंने शो में खुद को मैनेज किया, उस पर गर्व था.श् श्मैं उसे दूसरे हनीमून पर ले जाऊंगाश् एक्टर ने कहा था- श्उसने (पत्नी ने) कहा कि वो मुझसे पहले से कहीं ज्यादा प्यार करती है. इसलिए मैंने उससे कहा कि मैं उसे दूसरे हनीमून पर ले जाऊंगा.श् बता दें कि शक्ति कपूर काफी सालों से फिल्मों से दूर थे. इसके बाद साल 2023 में वे संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म श्एनिमलश् में दिखाई दिए थे.

## 10वीं राष्ट्रीय बैटल स्पोर्ट्स डांस प्रतियोगिता में लखनऊ का दमदार प्रदर्शन

➤ लखनऊ की तनिष्क बंसल ने प्रतियोगिता में प्राप्त किये सर्वाधिक 96 अंक




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। महाराष्ट्र के षिरडी में आयोजित 10वीं राष्ट्रीय बैटल डांस प्रतियोगिता में अपने दमदार प्रदर्शन करते हुए राजधानी लखनऊ के खिलाड़ियों ने सर्वाधिक पदक हासिल किये। डांस एसोसिएषन आफ़ लखनऊ के अध्यक्ष सदन यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में लखनऊ के सभी प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों का प्रदर्शन् सबसे बेहतर रहा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में लखनऊ के खिलाड़ियों ने सर्वाधिक 25 स्वर्ण, 5 रजत तथा 3 कांस्य पदक सहित कुल 33 पदक हासिल करते हुए ओवरआल चैंपियनशिप ट्राफ़ी अपने नाम की। सदन यादव ने बताया कि लखनऊ की तनिष्क बंसल ने प्रतियोगिता में सर्वाधिक 96 अंक प्राप्त किये जबकि वैष्णवी पांडे ने ओपेन बैटल डांस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक तथा सुरताल अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही फ्रीस्टाइल(अंडर-14) में अदिति आनंद ने स्वर्ण पदक हासिल किया। कृतिका कथक कलांगन से प्रशिक्षित शाम्भवी अग्रवाल, गौरवी बंसल, योग्य वर्मा, स्नेहा बंसल ने कुल 4 स्वर्ण पदक जीते तथा लखनऊ डांस सेंटर से प्रशिक्षण कर रहे शिवा, वर्षा, दीपाक्षी, आर्ना, रिधिमा तथा इनके प्रशिक्षक मनीष त्रिपाठी व साहिल खान ने 6 स्वर्ण 3 रजत तथा 1 कांस्य पदक प्राप्त कर जनपद लखनऊ तथा उत्तर प्रदेश का नाम रौशन किया। पदक विजेताओं की सूची स्वर्ण पदक- मनीष त्रिपाठी, साहिल खान, आदिति आनंद, वर्षा मिश्रा, दीपांषी भृगुदीप, रिया मौर्या, योग्य वर्मा, शाम्भवी अग्रवाल, श्रिया बंसल, अविका अग्रवाल, गौरवी बंसल, मिहिर राज गुप्ता, शिक्षा अग्रवाल, नैमिष गुप्ता, शिव वर्मा, शिवान्या श्रीवास्तव, रिद्धिमा जैन, आना जैन, तनिष्क बंसल, अक्ष सविता, आशिका अवस्थी, अवजीत वैश्य, उदिशा। रजत पदक- साहिल, वर्षा, दीपांशी, शिक्षा अग्रवाल, वैष्णवी पांडे। कांस्य पदक- रिया मौर्या, शिवा वर्मा एवं एकांश गुप्ता।

# विराट-अनुष्का वृंदावन पहुंचे

## प्रेमानंद महाराज से की भक्ति मार्ग पर चलने की बात

**नई दिल्ली।** कोहली और अनुष्का का प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रेमानंद महाराज के आधिकार इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो पोस्ट किया गया है जिसमें कोहली और अनुष्का अपने दोनों बच्चे वामिका और अकाय के साथ प्रेमानंद महाराज के दर्शन करने पहुंचे हैं। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा और अपने दोनों बच्चों के साथ प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचे हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे से वापस आने के बाद कोहली और अनुष्का वृंदावन में प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज के आश्रम पहुंचे और उनका आशीर्वाद लिया। मालूम हो कि कोहली पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी वह रन बनाने के लिए जूझ रहे थे। सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो कोहली और अनुष्का का प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और एक घंटे में ही लाखों लोग इस वीडियो को लाइक कर चुके हैं। प्रेमानंद महाराज के आधिकार इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो पोस्ट किया गया है जिसमें कोहली और अनुष्का अपने दोनों बच्चे वामिका और अकाय के साथ प्रेमानंद महाराज के दर्शन करने पहुंचे हैं। इस दौरान अनुष्का प्रेमानंद महाराज से बात कर रही हैं। बच्चों के साथ किए




प्रेमानंद महाराज के दर्शन कोहली और अनुष्का इससे पहले भी प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंच चुके हैं और इस बार वे अपने बच्चों के साथ वृंदावन पहुंचे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि कोहली और अनुष्का जैसे ही प्रेमानंद महाराज के सामने पहुंचे और सिर झुकाकर प्रणाम किया। कोहली जैसे ही प्रेमानंद महाराज के सामने पहुंचे तो उन्होंने इस भारतीय बल्लेबाज से पूछा, मन प्रसन्न है? इस पर कोहली ने सिर हिलाकर हां कहा और वह मुस्कुराते नजर आए। अनुष्का-प्रेमानंद महाराज के बीच क्या हुआ संवाद? अनुष्का ने इस दौरान प्रेमानंद महाराज से कहा कि जब वे पिछली बार यहां आई थीं तो उनसे कुछ सवाल करना चाहती थीं, लेकिन वहां मौजूद सभी ने कुछ ना कुछ वैसा ही सवाल कर लिया था जो वह पूछना चाहती थीं। अनुष्का ने प्रेमानंद महाराज से कहा, श्आप बस मुझे प्रेम भक्ति दे दो।श् इस पर प्रेमानंद महाराज ने कहा, श्बहुत बहादुर हैं क्योंकि संसार का यह सम्मान प्राप्त होने पर भक्ति की तरफ मुढ़ पाना कठिन होता है। हमें लगता है कि विशेष प्रभाव इन पर (कोहली पर) भक्ति का पड़ेगा।श् इस पर अनुष्का ने कहा, श्भक्ति के ऊपर कुछ नहीं है।श् फिर प्रेमानंद महाराज ने हंसकर कहा, हां, भक्ति के ऊपर कुछ नहीं है। भगवान के भरोसा पर रहो, नाम जपो और खूब प्रेम से और खूब आनंद से रहो। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में नहीं चला था बल्ला कोहली हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ संपन्न हुई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके थे। उन्होंने पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में शतक जड़ा था, लेकिन इसके बाद उनकी लय गड़बड़ा गई थी। कोहली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंदों पर लगातार परेशान हुए और कुल आठ बार ऐसी गेंदों पर आउट हुए। उन्होंने पांच मैचों में 23.75 के औसत से 190 रन बनाए। कोहली के टेस्ट में भविष्य को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है।

# पिता के समर्थन से टेनिस बॉल क्रिकेट में आगे बढ़े राजू मुखिया, अब एलएलसी टेन10 में मचाएंगे धमाल




**नई दिल्ली।** लीग के लिए रजिस्ट्रेशन के बाद ट्रायल प्रक्रिया के दो राउंड आयोजित किए जाएंगे। लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी होगी और हर टीम का बजट 8-10 लाख रुपये होगा और सभी टीम 16 खिलाड़ी खरीदेंगी जिसमें 10 खिलाड़ी उत्तर प्रदेश और बाकी 6 खिलाड़ी अन्य राज्यों से चुने जाएंगे। और लीजेंड्स लीग क्रिकेट उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में टेनिस बॉल की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग एलएलसी टेन10 का आयोजन करने जा रहे हैं। इस लीग में कुल 12 टीमें हिस्सा लेंगी। यह लीग उन युवा खिलाड़ियों के लिए एक सुनहरा मौका लेकर आई है जो क्रिकेटर बनने का सपना देख रहे हैं। खासतौर पर लोकल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच पर चमकने का मौका देने के उद्देश्य से शुरू की गई यह लीग हर मोहल्ले और कस्बों के क्रिकेट सितारों को बड़ा प्लेटफॉर्म प्रदान करेगी। लीग के लिए रजिस्ट्रेशन के बाद ट्रायल प्रक्रिया के दो राउंड आयोजित किए जाएंगे। लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी होगी और हर टीम का बजट 8-10 लाख रुपये होगा और सभी टीम 16 खिलाड़ी खरीदेंगी जिसमें 10 खिलाड़ी उत्तर प्रदेश और बाकी 6 खिलाड़ी अन्य राज्यों से चुने जाएंगे। इसमें टेनिस बॉल क्रिकेट के प्रसिद्ध खिलाड़ी राजू मुखिया भी हिस्सा लेंगे। राजू उन चुनिंदा मार्की खिलाड़ियों में शामिल हैं जो टेनिस बॉल क्रिकेट में अपना दम दिखा चुके हैं। राजू मुखिया ने डॉट कॉम से विशेष बातचीत की, पेश हैं प्रमुख अंश... सवाल - अगर आप अपने करियर में पीछे मुड़कर देखें तो आप अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि किसे मानते हैं ? जवाब - मैं अपने पिता को अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि मानता हूं। उन्होंने मेरा काफी समर्थन किया है। मेरे पिता ने ही मुझे बताया कि क्या करना है और क्या नहीं करना है, इसलिए सबकुछ मेरे पिता ही हैं। हम सामान्य परिवार से आते हैं और मेरे पिता का ध्यान पढ़ाई की तरफ रहता था। उनका कहना था कि पढ़ लिखकर अच्छा कुछ करो, कुछ बनो, लेकिन मुझे खेलने की चाह थी। कई बार ऐसा होता था कि मैंने खेलने के लिए स्कूल भी छोड़ा। पापा गुस्सा होते थे, लेकिन उन्होंने कोई कड़ा फैसला नहीं लिया जिससे मेरा खेलना ही बंद हो जाए। इसलिए उन्होंने हमेशा समर्थन किया कि अगर खेलना पसंद है तो खेलो। सवाल - अगर टेनिस बॉल क्रिकेट के आंकड़ों में आपकी बात की जाए तो वो क्या होंगे? जवाब - हां, मैं एक बार ओडिशा में खेला था और मैंने चार ओवर डाले थे और चारों ही ओवर मेडन रहे तथा मैंने चार विकेट भी झटके। सवाल - क्या अब तक के करियर से आप संतुष्ट हैं या आपको लाइफमैं और भी चीजें अचीव करनी हैं ? जवाब - अभी काफी कुछ हासिल करना है। जैसा कि मैंने कहा कि मैं एक सामान्य परिवार से आता हूं इसलिए मुझे अभी और आगे तक जाना है और अपना करियर बनाना है। सवाल - भविष्य के लिए आपके क्या लक्ष्य हैं, अपने खेल के किन क्षेत्रों में आप अपना ज्यादा ध्यान केंद्रित कर रहे हैं ? जवाब - अभी तो बस खेल ही रहा हूं। टेनिस बॉल क्रिकेट में इतने लेवल आ गए हैं कि हमारा जीवन सुरक्षित भी हो सकता है। इसलिए मेरा ध्यान अभी सिर्फइसी खेल पर केंद्रित है। सवाल - और एलएलसी मिलकर टेनिस बॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट का आयोजन करने जा रहे हैं। इस एलएलसीटेन10 लीग का युवा क्रिकेटरों को क्यों हिस्सा बनना चाहिए। इस तरह के टूर्नामेंट खिलाड़ियों के करियर में कितने महत्वपूर्ण होते हैं ? जवाब - पहले टेनिस क्रिकेट को कोई देखता भी नहीं था और लोग कहते थे कि यह लोग अपना समय बर्बाद कर रहे हैं और इसमें कोई भविष्य नहीं है।

## इस धाकड़ बल्लेबाज की टॉप-10 में एंट्री, गिल और कोहली को हुआ नुकसान, रोहित शर्मा का बुरा हाल



**शुभमन गिल और विराट कोहली को 3-3 स्थान का नुकसान हुआ है। रोहित शर्मा टॉप-40 से बाहर हो गए हैं। केएल राहुल टॉप-50 से बाहर हो गए हैं। सिडनी टेस्ट से पहले पंत 12वें नंबर पर थे। वह 9वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनके अलावा यशस्वी जायसवाल टॉप-10 में अन्य बल्लेबाज हैं।**

आईसीसी ने बुधवार को टेस्ट क्रिकेट की ताजा रैंकिंग जारी की। वहीं बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन के बाद विराट कोहली, रोहित शर्मा और शुभमन गिल की टेस्ट बैटिंग रैंकिंग खराब हो गई है। केएल राहुल को भी बड़ा नुकसान हुआ है। हालांकि, सिडनी टेस्ट में 40 और 61 रन की पारी खेलने वाले ऋषभ पंत की एंट्री टॉप-10 में हो गई है। वहीं शुभमन गिल और विराट कोहली को 3-3 स्थान का नुकसान हुआ है। रोहित शर्मा टॉप-40 से बाहर हो गए हैं। केएल राहुल टॉप-50 से बाहर हो गए हैं। सिडनी टेस्ट से पहले पंत 12वें नंबर पर थे। वह 9वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनके अलावा यशस्वी जायसवाल टॉप-10 में अन्य बल्लेबाज हैं। यशस्वी जायसवाल नंबर 4 पर हैं। इन दोनों खिलाड़ियों के अलावा टॉप-20 में कोई अन्य भारतीय बल्लेबाजी नहीं है। सिडनी टेस्ट से पहले विराट कोहली 24वें नंबर पर थे। अब वह 27वें नंबर पर पहुंच गए हैं। इसी तरह गिल 20वें से 23वें नंबर पर खिसक गए हैं। सिडनी टेस्ट न खेलने वाले रोहित शर्मा को 2 स्थान का नुकसान हुआ है। वह 42वें नंबर पर पहुंच गए हैं। राहुल को 11 स्थान का नुकसान हुआ है। वह 41वें से 52वें नंबर पर पहुंच गए हैं। जबकि रविंद्र जडेजा को भी 2 रैंक का नुकसान हुआ है। वे 51वें नंबर पर आ गए हैं। वहीं सिडनी टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच रहे स्कॉट बोलैंड 29 स्थान की छलांग लगाई और टॉप-10 में जगह बना ली। वह रविंद्र जडेजा के साथ नंबर 9 पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस नंबर 2 पर पहुंच गए हैं। बुमराह टॉप पर बने हुए हैं जबकि साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडाघ् नंबर 3 पर पहुंच गए हैं। इस बीच आईसीसी ने भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज की पिचों की रेटिंग जारी की है।

## विजय हजारे ट्रॉफी में भी छाए मोहम्मद शमी, हरियाणा के खिलाफझटक लिए तीन विकेट

मोहम्मद शमी ने गुरुवार को विजय हजारे ट्रॉफी में बंगाल के लिए खेलते हुए हरियाणा के खिलाफ मैच में दमदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम में वापसी के लिए कड़ी मेहनत कर रहे मोहम्मद शमी की नजरें आगामी इंग्लैंड और चौंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी जाने वाली स्क्वॉड में जगह बनाने पर हैं। तेज गेंदबाज शमी 2023 में हुए वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल के बाद से टीम से बाहर चल रहे हैं। पिछले साल उनके एड़ी की सर्जरी भी हुई थी, जिसके कुछ महीने बाद उन्होंने व्हाइट बॉल क्रिकेट में वापसी की है। शमी ने नॉकआउट मुकाबले में हरियाणा के खिलाफ 10 ओवर में 61 रन देते हुए तीन विकेट लेकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। शमी को पहली सफलता छठे ओवर में मिली। उन्होंने हरियाणा के ओपनर हिमांशु राणा को आउट किया। पहले स्पेल में शमी ने 6.67 की इकॉनमी से रन लुटाए लेकिन डेथ ओवर में उन्होंने अच्छी वापसी की और दिनेश बाना, अंशुल कंबोज को पवेलियन का रास्ता दिखाया।

### जल्द होगी मोहम्मद शमी की वापसी, इस सीरीज में आ सकते हैं नजर, यहां जानें पूरी जानकारी

क्रिकेट फैंस मोहम्मद शमी का क्रिकेट मैदान पर बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वर्ल्ड कप 2023 फाइनल के बाद से शमी लगातार इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर चल रहे हैं। इस आईसीसी टूर्नामें भी वह चोट के साथ खेले थे। टूर्नामेंट खत्म होने के बाद उन्होंने सर्जरी जरूर करवाई, लेकिन उनकी फिटनेस को लेकर समस्या बनी रही। बीजीटी टेस्ट सीरीज में भी टीम इंडिया में उनकी कमी खली लेकिन अब फैंस का इंतजार खत्म होने वाला है। दरअसल, रिपोर्ट्स के अनुसार शमी इंग्लैंड के खिलाफ आगामी घरेलू लिमिटेड ओवर सीरीज में वापसी कर सकते हैं। इस सीरीज में वह बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चौंपियंस ट्रॉफी में भी अपनी जगह पक्की कर सकते हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल क्रिकेट अकादमी की मेडिकल टीम शमी पर कड़ी नजर रखे हुए है। सर्जरी के बाद उनके घुटने में हल्की सी सूजन आ गई थी जिसके कारण वह हाल ही में खत्म हो गई। बीजीटी के लिए ऑस्ट्रेलिया की उड़ान नहीं भर पाए। बीसीसीआई की चयन समिति के सदस्यों के बड़ौदा में विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट मैचों में शामिल होने और शमी के प्रदर्शन पर भी ध्यान देने की उम्मीद है। ऐसा कहा जा रहा है कि उनकी गेंदबाजी पर कोई खास असर नहीं पड़ा है और उनके घुटने में भी कोई खास परेशानी नहीं है। शमी को टीम इंडिया में वापसी के लिए एनसीए से हरी झंडी मिलने की जरूरत है।

### विराट कोहली का घरेलू क्रिकेट से किनारा

विराट कोहली इस समय आउट ऑफ फॉर्म चल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में भी वह ज्यादा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। इसके बाद उनकी बल्लेबाजी साथ ही उनके खेलने की तकनीक पर भी काफी सवाल उठे। कई क्रिकेट पड़िंतों ने उन्हें फॉर्म में आने के लिए घरेलू क्रिकेट में हिस्सान लेनी की भी सलाह दी लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है। दरअसल, विराट कोहली अब इंग्लैंड के खिलाफवनडे सीरीज में खेलेंगे और फिर चौंपियंस ट्रॉफी 2025 में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करते दिखेंगे। चौंपियंस ट्रॉफी के बाद आईपीएल 2025 होगा और फिर टीम इंडिया इंग्लैंड रवाना होगी जहां टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफहोने वाली टेस्ट सीरीज भारत के लिए काफी अहम होने वाला है साथ ही इस टेस्ट सीरीज के लिए विराट कोहली के टेस्ट भविष्य का भी आकलन हो सकता है। अब इंग्लैंड के खिलाफहोने वाले इस टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए विराट कोहली आईपीएल 2025 के बाद काउंटी क्रिकेट खेलते हुए नजर आ सकते हैं। रेव स्पोट्र्ज की एक रिपोर्ट के अनुसार कोहली इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए इसमें खेल सकते हैं। वैसे आईपीएल 2025 का फाइनल मैच 25 मई को खेला जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफभारत का पहला टेस्ट मैच 20 जून से शुरू होगा। अगर आरसीबी आईपीएल के फाइनल में पहुंचती है तो कोहली के पास काउंटी क्रिकेट खेलने और अंग्रेजी स्थिति के अनुकूल होने के लिए लगभग 14 दिन होंगे, लेकिन क्या इतना वक्त उनके लिए काफी होगा ऐसा लगता नहीं है।

### स्मिथ का ये हैरतअंगेज कैच देखा?

न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में अजेय बढ़त हासिल की है। मेजबान न्यूजीलैंड ने बुधवार को बारिश से प्रभावित दूसरे वनडे में 113 रनों से विजयी परचम फहराया। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर नाथन स्मिथ ने हैमिल्टन के मैदान पर एक खतरनाक कैच पकड़ा, जिसने सभी को हैरत में डाल दिया। उन्होंने बाउंड्री के नजदीक सुपरमैन जैसी डाइव लगाई। इस दौरान उन्होंने एशन मलिंगा को आउट करने में अहम भूमिका निभाई। मलिंगा ने विलियम ओरुर्के द्वारा डाले गए 29वें ओवर की आखिरी गेंद पर बड़ा शॉट मारने का प्रयास किया। हालांकि, बाएं हाथ से बल्लेबाजी करने वाले मलिंगा सही से बॉल कनेक्ट नहीं कर पाए। ऐसे में गेंद थर्ड मैन की दिशा में चली गई, जहां स्मिथ ने गजब की फुर्ती दिखाई। वह बाउंड्री पर दौड़ने के बाद चीते की तरह झपटे और कैच कंप्लीट कर लिया। कुच पल के लिए उनकी पूरी बॉडी हवा में थी। स्मिथ के कैच की खूब तारीफहो रही है। फिलहाल, बारिश के कारण दूसरा वनडे 37 ओवर का कर दिया गया था।

## इस खिलाड़ी के भविष्य पर मंडरा रहा खतरा! वनडे-टेस्ट दोनों से हो सकता है बाहर

टीम इंडिया के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा के लिए बुरी खबर है। दरअसल, जडेजा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉपी सीरीज के बाद सभी फॉर्मेट से बाहर हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि टीम मैनेजमेंट पिछले कुछ समय से उनके प्रदर्शन से खुश नहीं है।

## किरन फाउंडेशन के तत्वावधान में धारा वर्ल्ड द्वारा आयोजित अंडर-16 अर्जुन क्रिकेट लीग- सीजन 2- आर्गानेक्स्ट लाइफ ने वागमाइन आर्किटेक्ट को तीन विकेट से हराया- फहद बने मैन आफ द मैच

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। किरन फाउंडेशन के तत्वावधान मे धारा वर्ल्ड द्वारा आयोजित अर्जुन क्रिकेट लीग अंडर-16 क्रिकेट लीग के अंतर्गत आज खेले गये मैच मे आर्गानेक्स्ट लाइफ ने वागमाइन आर्किटेक्ट को तीन विकेट से हराया।




टास हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वागमाइन आर्किटेक्ट ने अंकुर त्रिपाठी के 28 गेंदो पर 58 रन तथा देवराज बघेल के 28 गेंदो पर 48 रनो की मदद से 177 रन बनाए, इन दोनो खिलाड़ियों के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज विकेट पर टिक नही पाया तथा पूरी टीम निर्धारित 35 ओवर्स के मैच मे 22 ओवरो मे ही आल आउट हो गयी। अंकुर त्रिपाठी ने 28 गेंदो पर दस चौकों तथा एक छक्के की मदद से 58 रनो की धमाकेदार पारी खेली, तथा देवराज बघेल ने 28 गेंदो पर पांच चौकों की मदद से 48 रनो की उपयोगी पारी खेली, इसके अतिरिक्त केवल शिव गुप्ता ही 15 गेंदो पर दो चौकों की मदद से 27 रन बनाने मे सफल रहे, अन्य बल्लेबाजों ने तू चल मै आया वाली कहावत चरितार्थ करते हुए टीम को निराश किया। आर्गानेक्स्ट लाइफ की ओर से बालिंग करते हुए फहद ने 6 ओवरों मे एक मेडेन डालते हुए 36 रन देकर चार विकेट लिए जबकि तसयथ श्रीवास्तव ने 3 हर्ष ओझा ने दो, तथा रिशभ को एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर्गानेक्स्ट लाइफ के प्रारंभिकबल्लेबाज शिवम गिरी ने 31 गेंदो पर 7 चौकों की मदद से 32 तथा अमृतया कृष्ण ने 52 गेंदो पर 7 चौकों की मदद से 40 रन बना कर 71 रनो की शानदार शुरुआत दी सक्षम ने 37 गेंदो पर 6 चौकों की मदद से 44 तथा विवान ने 8 गेंदो पर 3 चौकों की मदद से 14 रन बनाकर 26.3 ओवरों मे 7 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाकर तीन विकेट से जीत हासिल की। फहद को उनकी शानदार गेंदबाज़ी के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाडी घोषित किया गया।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-अनूप सिंह
आरएनआई न० UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।